उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2013

सामान्य अध्ययन

हल प्रश्न-पत्र

(अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

प्राचीन इतिहास

800-1200 की राजनैतिक सामाजिक स्थिति

1. निम्नलिखित में से किसने काल्पनिक वैज्ञानिक उपकरणों पर पुस्तक लिखी है?

(a) भोज (b) गोविन्दराज
(c) चन्द्रवर्मन (d) महीपाल

उत्तर – (a)

व्याख्या – राजा भोज ने चिकित्सा, गणित एवं व्याकरण पर अनेक ग्रंथ लिखे। भोजकृत युक्तिकल्पतरु में वास्तुशास्त्र के साथ-साथ विविध वैज्ञानिक यंत्रों व उनके उपयोग का उल्लेख है। परमार वंशी शासक भोज ने 1000-1055 ई. तक शासन किया। राजा भोज ने समराङ्गण सूत्रधार का 31वां अध्याय यंत्र विज्ञान से सम्बन्धित है। इस अध्याय में यंत्र उसके भेद और विविध यंत्र निर्माण पद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है।

मध्यकालीन इतिहास

मराठा वंश

2. तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध सम्बन्धित है-

(a) सर जॉन शोर से (b) लार्ड वेलेजली से
(c) लार्ड हेस्टिंग्स से (d) लार्ड कार्नवालिस से

उत्तर – (c)

व्याख्या –तृतीय आंग्ल मराठा युद्ध वर्ष 1817-18 के मध्य प्रमुख मराठा संघ के सरदारों और अंग्रेजों के मध्य मराठा स्वतंत्रता के अन्तिम प्रयास के रूप में किया गया। इस समय अंग्रेज गवर्नर लार्ड हेस्टिंग्स था। इस युद्ध में अंग्रेजों ने एक-एक कर के सभी मराठा शक्तियों को पराजित किया और संधियाँ की। पेशवा बाजीराव द्वितीय से 13 जून, 1817 को पूना की संधि, दौलत राव सिंधिया से 5 नवम्बर, 1817 को ग्वालियर की संधि, होल्कर से 6 जनवरी, 1818 को मंदसौर की संधि, बाजीराव द्वितीय ने अन्ततः जून 1818 में आत्मसमर्पण कर दिया। अंग्रेजों ने पेशवा के पद को समाप्त कर बाजीराव द्वितीय को कानपुर के निकट बिठूर में पेंशन पर जीने के लिए भेज दिया गया। मराठों के पतन में सर्वाधिक योगदान बाजीराव द्वितीय का रहा था।

आधुनिक इतिहास

मुगल साम्राज्य का विघटन एवं यूरोपीय वाणिज्य का प्रारम्भ

3. सिक्ख राज्य का अंतिम राजा कौन था?

(a) खड़क सिंह (b) शेर सिंह
(c) नव निहाल सिंह (d) दिलीप सिंह

उत्तर – (d)

व्याख्या – सिक्ख राज्य के अंतिम राजा दिलीप सिंह थे, जिनका जन्म लाहौर में 6 सितंबर, 1838 को और मृत्यु 22 अक्टूबर, 1895 को पेरिस में हुई थी, जिनके साम्राज्य में पंजाब सहित कश्मीर, जम्मू और लद्दाख शामिल थे। वह महाराजा रंजीत सिंह और महारानी जींद कौर के सबसे छोटे पुत्र थे। द्वितीय आंग्ल-सिक्ख युद्ध में (21 फरवरी, 1849) सिक्ख पराजित हुये और ब्रिटिश विजेताओं ने दिलीप सिंह को अपदस्त करके पंजाब को ब्रिटिश राज्य में मिला लिया था। इस प्रकार राजा दिलीप सिंह सिक्ख राज्य के अंतिम शासक के रूप में इतिहास में जाने जाते हैं।

1857 का विद्रोह एवं 19वीं शताब्दी का जनान्दोलन

4. अवध राज्य का ब्रिटिश राज्य में विलय हुआ था –

(a) 1855 में (b) 1854 में
(c) 1856 में (d) 1853 में

उत्तर – (c)

व्याख्या – अवध राज्य का ब्रिटिश राज्य में विलय 1856 में किया गया था। अवध में अंग्रेज रेजीडेन्ट की रिपोर्ट पर कुशासन का सारा दोष नवाब वाजीद अलीशाह के सिर पर डाला गया। लेकिन स्लीमैन की रिपोर्ट पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई तो डलहौजी ने 1854 में एक अंग्रेज अधिकारी जनरल आउट्रम को अवध का नया रेजीडेन्ट नियुक्त किया। आउट्रम ने 1855 ई. में अवध की शासन व्यवस्था की रिपोर्ट भेजी जिसमें नवाब एवं उसके शासकीय अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाये और डलहौजी ने संचालक मंडल को रिपोर्ट भेज दी जिससे उसे अवध में कार्यवाही करने की अनुमति मिल गयी। उसने 1856 ई. में अवध का ब्रिटिश राज्य में विलय कर लिया।

स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

5. भगत सिंह ने सेंट्रल एसेम्बली में बम फेंका था –

(a) चन्द्रशेखर के साथ
(b) सुखदेव के साथ
(c) बटुकेश्वर दत्त के साथ
(d) राजगुरु के साथ

उत्तर – (c)

व्याख्या – भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल, 1929 ई. को केंद्रीय विधानसभा में दो बम और आजादी व क्रांति के नारों के साथ कुछ पर्चे फेंके तत्पश्चात् उन्होंने स्वयं को पुलिस के हवाले कर दिया। केन्द्रीय विधान सभा में 'इंकलाब जिन्दाबाद' के नारे दिए। लाहौर षडयंत्र मुकदमें के अन्तर्गत इन पर कार्यवाही की गयी और अन्ततः 31 मार्च, 1931 को सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दे दी गयी।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

6. 'ऑपरेशन पोलो' जुड़ा है-
(a) भारत छोड़ो आन्दोलन से
(b) सविनय अवज्ञा आन्दोलन से
(c) जूनागढ़ राज्य में सैनिक कार्यवाही से
(d) हैदराबाद राज्य में सैनिक कार्यवाही से
उत्तर – (d)

व्याख्या – ऑपरेशन पोलो एक सैनिक अभियान है, जिसमें भारत की स्वतंत्रता के बाद निजाम से हैदराबाद को मुक्त कराकर भारत में विलय करने के उद्देश्य से भारतीय सेना भेजी गयी थी। ऑपरेशन पोलो का मुख्य कारण स्वतंत्र भारत में स्वतंत्र रियासत का बने रहना, सरकार को स्वीकार्य नहीं था और निजाम से स्वतंत्र रहने का फैसला लिया था। आपरेशन पोलो 13 सितम्बर 1948 को प्रारम्भ होकर 18 सितम्बर 1948 को सम्पन्न हो गया था।

7. 'इंडिया विन्स फ्रीडम' पुस्तक आत्मकथा है
(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की
(b) जवाहर लाल नेहरू की
(c) मौलाना अबुल कलाम आजाद की
(d) कबीर की
उत्तर – (c)

व्याख्या – 'इण्डिया विन्स फ्रीडम' मौलाना अबुल कलाम आजाद की रचना है। अल-हिलाल एवं गुबारे खातिर नामक पत्रिकाओं का संपादन भी अबुल कलाम आजाद ने किया था।

8. निम्नलिखित में से किस देश में गदर पार्टी की स्थापना हुई थी?
(a) यू.एस.ए. (b) जर्मनी
(c) स्पेन (d) फ्रांस
उत्तर – (a)

व्याख्या – गदर पार्टी पराधीन भारत को अंग्रेजों से स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से बना एक दल था। इसे अमेरिका और कनाडा के भारतीयों ने 1 नवंबर, 1913 में बनाया था। इसे प्रशान्त तट का हिन्दी संघ भी कहा जाता था। यह पार्टी 'गदर' नाम का एक साप्ताहिक पत्र 1 नवम्बर, 1913 से प्रकाशन शुरू किया गया था। इसे पहले उर्दू और गुरुमुखी में प्रकाशित किया गया। लेकिन बाद में अन्य भाषा में प्रकाशन हुआ। गदर पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष सोहन सिंह भाखना थे। इसके अतिरिक्त केसर सिंह थथगढ़ (उपाध्यक्ष) लाला हरदयाल (महामंत्री), लाला ठाकुरदास धुरी (संयुक्त सचिव) और पण्डित कांशीराम मदरोली (कोषाध्यक्ष) थे। नई पार्टी ने कनाडा, चीन, जापान आदि में शाखाएँ खोली थी।

9. चौरी चौरा किस जनपद में स्थित है?
(a) देवरिया (b) गोरखपुर
(c) महाराजगंज (d) कुशीनगर
उत्तर – (b)

व्याख्या–चौरी-चौरा गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में स्थित है। यहाँ 4 फरवरी, 1922 को भारतीयों ने ब्रिटिश सरकार की एक पुलिस चौकी को आग लगा दिया था जिससे उसमें छुपे हुए 22 पुलिस कर्मचारी जल के मर गए थे। इस घटना को चौरी-चौरा काण्ड के नाम से जानते हैं। इसके परिणाम स्वरूप गाँधी जी ने कहा था कि हिंसा होने के कारण असहयोग आन्दोलन उपयुक्त नहीं रह गया है और उसे वापस ले लिया था। चौरी-चौरा कांड के अभियुक्तों का मुकदमा पंडित मदन मोहन मालवीय ने लड़ा और उन्हें बचा लिया था।

10. भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित जिलों में से किसमें समानान्तर सरकार की स्थापना की गयी थी?
(a) इलाहाबाद (b) लखनऊ
(c) बलिया (d) फैजाबाद
उत्तर – (c)

व्याख्या–अगस्त, 1942 को बलिया के सपूतों ने न सिर्फ ब्रिटिश सरकार को उखाड़ने का काम किया, बल्कि बलिया को राष्ट्र घोषित कर समानांतर सरकार बनायी, जिसका नाम स्वतंत्र बलिया प्रजातंत्र रखा था।

11. निम्नलिखित घटनाओं को पढ़ें :
1. लखनऊ समझौता 2. चम्पारण सत्याग्रह
3. खिलाफत आन्दोलन 4. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड
नीचे दिये गये कूट से घटनाओं का सही कालानुक्रम पता करें :
कूट :
(a) 1, 2, 4, 3 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 4, 3, 2, 1 (d) 1, 3, 2, 4
उत्तर – (a)

व्याख्या – लखनऊ समझौता दिसंबर 1916 में कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने लखनऊ में एक ही समय पर अपने अधिवेशन आयोजित किये थे। दोनों दलों ने पृथक्-पृथक् रूप से संवैधानिक सुधारों की संयुक्त योजना के संदर्भ में प्रस्ताव पारित किये और संयुक्त कार्यक्रम के आधार पर राजनीतिक क्षेत्र में एक-दूसरे को सहयोग हेतु एक समझौता किया। यही समझौता 'लखनऊ समझौता' या 'कांग्रेस लीग योजना' के नाम से जाना जाता है।
चम्पारण सत्याग्रह – महात्मा गाँधी ने भारत में सत्याग्रह का पहली बार सफल प्रयोग चम्पारण (बिहार) में किया था। चम्पारण आन्दोलन (1917) के कारण अंग्रेजों को तिनकठिया पद्धति को समाप्त करना पड़ा।
जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड – 13 अप्रैल, 1919 को अमृतसर में जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ। डॉ. सतपाल और सैफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारी के विरोध में हो रही जनसभा पर जनरल डायर ने अंधाधुंध गोली चलवायी। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार इसमें 379 व्यक्ति एवं कांग्रेस समिति के अनुसार लगभग 1000 लोग मारे गये थे।
खिलाफत आंदोलन – खिलाफत आंदोलन भारतीय मुसलमानों का मित्र राष्ट्रों के विरुद्ध विशेषकर ब्रिटेन के खिलाफ टर्की के खलीफा के समर्थन में आन्दोलन था। 19 अक्टूबर, 1919 को समूचे देश में 'खिलाफत दिवस' मनाया गया।

12. 'स्प्रींगिंग टाइगर' पुस्तक जीवनी है-
(a) भगत सिंह की (b) सुभाष चन्द्र बोस की
(c) चन्द्रशेखर आजाद की (d) रामप्रसाद बिस्मिल की
उत्तर – (b)

व्याख्या–द स्प्रिंगिंग टाइगर 1959 में कर्नल ह्यूटोये द्वारा प्रकाशित भारतीय राष्ट्रीय सेना का ऐतिहासिक वृत्तांत है। यह सुभाष चन्द्र बोस की जीवनी है।

13. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने किस अधिवेशन में भारत सरकार अधिनियम, 1935 को अस्वीकार किया था?
(a) रामगढ़ अधिवेशन, 1940
(b) लखनऊ अधिवेशन, 1936
(c) फैजपुर अधिवेशन
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर–(b)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या–भारत सरकार अधिनियम 1935 का आधार साइमन कमीशन (1930) की रिपोर्ट थी। 4 अगस्त, 1935 को भारत की नई सरकार के कानून को रॉयल की अनुमति मिल गई। इस अधिनियम की सभी वर्गों के लोगों द्वारा आलोचना हुई और सर्वसम्मति से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन, 1936 में, जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में अस्वीकार कर दिया गया। काँग्रेस ने इसकी जगह संविधान निर्माण समिति के गठन की मांग रखी, जिसका चुनाव वयस्क मतदान के आधार पर हो और फिर वह स्वतंत्र भारत का संविधान बनाये।

14. निम्नलिखित में से कौन एक उग्रवादी था?

(a) फिरोजशाह मेहता (b) गोपाल कृष्ण गोखले
(c) विपिन चन्द्र पाल (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर – (c)

व्याख्या – भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के प्रतिष्ठित नेता और बंगाल पुनर्जागरण के मुख्य वास्तुकार विपिन चन्द्र पाल का जन्म 7 नवम्बर, 1858 को आज के बांग्लादेश में और निधन 20 मई, 1932 को हुआ था। महात्मा गाँधी के राजनीति में आने से पहले वर्ष 1905 में लाल, बाल एवं पाल (लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, विपिन चन्द्र पाल) पहला ऐसा क्रांतिकारी गुट था जिसने बंगाल विभाजन के विरोध में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह छेड़ा था।

15. 'कॉमन वील' पत्र किससे जुड़ा है?

(a) बी.जी. तिलक से (b) एनी बेसेन्ट से
(c) जी.के. गोखले से (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर – (b)

व्याख्या – कॉमन वील पत्र जुलाई, 1914 से प्रकाशित किया गया था। इस प्रसिद्ध साप्ताहिक पत्र को एनी बेसेन्ट ने सम्पादित किया था।

16. प्रथम अखिल भारतीय समाजवादी युवा कांग्रेस का सभापति कौन था?

(a) सुभाषचन्द्र बोस (b) आचार्य नरेन्द्र देव
(c) जवाहर लाल नेहरू (d) जे.बी. कृपलानी

उत्तर – (c)

व्याख्या – प्रथम अखिल भारतीय समाजवादी युवा कांग्रेस की अध्यक्षता पंडित जवाहर लाल नेहरू ने की थी, जिसकी बैठक 27 दिसंबर, 1928 को तत्कालीन कलकत्ता में हुई थी।

भारत का भूगोल

भौतिक संरचना/अपवाह तंत्र/मानव भूगोल

17. इनमें से कौन दक्षिण भारत की सबसे ऊँची चोटी है?

(a) अनाईमुडी (b) डोडा बेटा
(c) महेन्द्रगिरि (d) धूपगढ़

उत्तर – (a)

व्याख्या – दक्षिण भारत की सबसे ऊँची चोटी अनाईमुडी है, जिसकी ऊँचाई 2695 मी. है। यह अन्नामलाई की पहाड़ी केरल के इडुक्की जिले में स्थित है। यह चोटी पश्चिम घाट पर्वत का भाग है। प्रश्न में दिये गये अन्य चोटियों की ऊँचाइयाँ निम्नलिखित हैं – डोडाबेट्टा–2637 मीटर, महेन्द्र गिरि–1501 मीटर, अमरकंटक–1048 मीटर।

18. निम्न नदियों में से कौन सर्वाधिक प्रदूषित है?

(a) गोमती (b) पेरियार
(c) दामोदर (d) महानदी

उत्तर – (c)

व्याख्या – दामोदर नदी झारखण्ड के पठार से निकलकर इस पठार के बीचो-बीच प्रवाहित होते हुए कोलकाता के दक्षिण में हुगली में विलीन हो जाती है। यह नदी भ्रंश घाटी से होकर प्रवाहित होती है। स्वतंत्रता के तत्काल बाद सन् 1948 में अमेरिका की टेनिसी नदी घाटी परियोजना की तर्ज पर दामोदर नदी घाटी नामक परियोजना प्रारम्भ की गई जिसके तहत इस नदी पर अनेक बाँध निर्मित किये गये हैं - जैसे - पंचेत बाँध, तिलैया बाँध आदि। यह पश्चिम बंगाल की सबसे प्रदूषित नदी है। प्रदूषण के कारण जैव विविधता इस नदी में तेजी से घट रही है। इसी कारण दामोदर की घाटी को 'जैविक रेगिस्तान' की संज्ञा दी जाती है।

19. निम्नलिखित में से किस नदी के तट पर बद्रीनाथ का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है?

(a) अलकनन्दा (b) भागीरथी
(c) मन्दाकिनी (d) गंगा

उत्तर – (a)

व्याख्या – अलकनन्दा नदी के तट पर बद्रीनाथ और मंदाकिनी नदी के तट पर केदारनाथ धाम स्थित है। अलकनंदा और मंदाकिनी नदी का संगम रुद्रप्रयाग में होता है।

20. निम्नलिखित में से कौन सी नदी भ्रंशघाटी से होकर प्रवाहित होती है?

(a) कृष्णा (b) गोदावरी
(c) तापी (d) कावेरी

उत्तर – (c)

व्याख्या – तापी नदी मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के मुल्ताई तालाब से निकलकर पश्चिम की ओर प्रवाहित होते हुए खम्भात की खाड़ी के मालबैक क्षेत्र में गिर जाती है। यह सतपुड़ा तथा अजन्ता पर्वतों के मध्य भ्रंश घाटी में प्रभावित होती है। इसकी प्रमुख सहायक नदी पूर्णा नदी है।

21. अधोलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?

(a) माउण्ट आबू – अरावली पहाड़ियाँ
(b) कोडाईकनाल – अन्नामलाई पहाड़ियाँ
(c) ऊटकमण्ड – नीलगिरी पहाड़ियाँ
(d) शिमला – पीर पंजाल श्रेणी

उत्तर – (*)

व्याख्या – उपर्युक्त विकल्पों में 'कोडाईकनाल – अन्नामलाई पहाड़ियाँ' तथा 'शिमला – पीर पंजाल श्रेणी' दोनों ही गलत हैं। कोडाईकनाल तमिलनाडु में पालनी की पहाड़ी में स्थित है, जबकि शिमला पीर पंजाल के स्थान पर धौलाधर श्रेणी में स्थित है।

22. मेघालय का पठार भाग है –

(a) हिमालय श्रेणी का (b) प्रायद्वीपीय खण्ड का
(c) पूर्वी घाट पर्वतों का (d) सतपुड़ा श्रेणी का

उत्तर – (b)

व्याख्या – मेघालय पठार व शिलांग पठार मूल रूप से प्रायद्वीपीय पठार का एक भाग हैं। इस पठार को गारो राजमहल दर्रा, प्रायद्वीपीय पठार के मुख्य खण्ड से अलग करता है। यह प्रमुख रूप से गारो, खासी तथा जैंतिया पहाड़ियों से निर्मित है। भारत का शिलांग नगर इसी पठार पर अवस्थित है।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

23. सूची-I को सूची-II का मिलान कीजिए और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये –

सूची-I (स्थल)	**सूची-II (नदियों का संगम)**
A. रुद्रप्रयाग	1. भागीरथी - अलकनंदा
B. नन्द प्रयाग	2. अलकनंदा - मंदाकिनी
C. कर्ण प्रयाग	3. अलकनंदा - पिंडार
D. देव प्रयाग	4. विष्णु गंगा - मंदाकिनी

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	3	2	4
(b)	2	4	3	1
(c)	3	2	4	1
(d)	4	1	3	2

उत्तर– (*)

व्याख्या – प्रश्नगत मिलान सूची में नन्द प्रयाग, विष्णु गंगा और मंदाकिनी का सुमेलन सही नहीं है। विष्णु प्रयाग अलकनंदा और धौलीगंगा नदियों का संगम स्थल है, जबकि रुद्रप्रयाग, अलकनंदा और मंदाकिनी का संगम स्थल, कर्णप्रयाग, अलकनंदा-पिंडार नदियों का संगम और देवप्रयाग, भागीरथी और अलकनंदा नदियों का संगम स्थल है। नंदप्रयाग, जो अलकनंदा एवं नंदाकिनी नदियों के संगम पर स्थित है।

24. गंगा नदी उदाहरण है –

(a) पूर्ववर्ती अपवाह का (b) अनुवर्ती अपवाह का
(c) अक्रमवर्ती अपवाह का (d) परवर्ती अपवाह का

उत्तर – (a)

व्याख्या – हिमालय से उद्‌गमित सभी नदियाँ पूर्ववर्ती अपवाह का उदाहरण है। पूर्ववर्ती अपवाह से आशय नदियों के अपनी पुरानी घाटियों में ही प्रवाहित होने से है। अपरदन के कारण इनके द्वारा गार्ज, महाखड्ड का निर्माण किया जाता है। इस प्रकार का अपवाह नदियों की तेज धाराओं से विकसित होती हैं। नदी अपने मार्ग में आने वाली भौतिक बाधाओं को काटते हुए पुरानी घाटी से ही आगे बढ़ती हैं। ऐसी नदियाँ हैं – सिंधु, सतलज, गंगा और ब्रह्मपुत्र।

25. निम्न में से कौन सा हिमनद सबसे बड़ा है?

(a) सियाचिन (b) बालटोरो
(c) चोगोलुंगमा (d) बियाफो

उत्तर – (a)

व्याख्या – सियाचिन हिमनद ध्रुवीय क्षेत्र के बाहर विश्व का दूसरा सबसे लम्बा अल्पाइन हिमनद है और हिमालय, काराकोरम क्षेत्र का सबसे लम्बा हिमनद है। सियाचिन हिमनद पूर्वी कराकोरम दर्रे में हिमालय पर्वत पर स्थित है। यह 76 किमी. लम्बा है तथा समुद्रतल से इसकी ऊँचाई 5753 मी. (18,875 फिट) है। बाल्टोरो हिमनद 58 किमी. लम्बा है जो पाकिस्तान के गिलगिट बाल्टिस्तान क्षेत्र में स्थित है। चोगोलुंगमा हिमनद 50 किमी. लम्बा है। 60 किमी. लम्बा बियाफो हिमनद पाकिस्तान के गिलगिट बाल्टिस्तान के कराकोरम पर्वतों पर स्थित है।

26. निम्न नदियों में से कौन अपने मार्ग में परिवर्तन करने के लिए कुख्यात है?

(a) गंगा (b) कोसी
(c) दामोदर (d) गोमती

उत्तर – (b)

व्याख्या – कोसी नदी या कोशी नदी नेपाल में हिमालय से निकलते हुए बिहार में भीम नगर के रास्ते से भारत में दाखिल होती है। इसमें आने वाली बाढ़ से बिहार में बहुत तबाही होती है। कोसी नदी अपने मार्ग में परिवर्तन के लिए कुख्यात है। यह नदी बिहार में लगभग प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ हेतु मुख्य रूप से जिम्मेदार है, इसलिये इसे 'बिहार का शोक' भी कहा जाता है।

27. लेह अवस्थित है –

(a) झेलम नदी के दायें तट पर
(b) झेलम नदी के बायें तट पर
(c) सिन्धु नदी के दायें तट पर
(d) सिन्धु नदी के बायें तट पर

उत्तर – (c)

व्याख्या – लेह लद्दाख का एक प्रमुख नगर है। यह समुद्र तल से 11,500 फुट की ऊँचाई पर श्रीनगर से 160 मील पूर्व तथा यारकंद से लगभग 300 मील दक्षिण, लद्दाख पर्वत श्रेणी के आँचल मे, ऊपरी सिन्धु के दाहिने तट से 4 मील दूर स्थित है। यहाँ पर एशिया की सर्वाधिक ऊँची मौसमी वेधशाला है।

खनिज, शक्ति संसाधन एवं उद्योग व व्यापार

28. निम्न में से कौन सा प्रमुख काजू उत्पादक राज्य है?

(a) गोवा (b) महाराष्ट्र
(c) केरल (d) कर्नाटक

उत्तर – (b)

व्याख्या – प्रश्नकाल के समय महाराष्ट्र सबसे ज्यादा काजू उत्पादित करने वाला राज्य था। नवीनतम आँकड़ों 2021-22 के तृतीय अग्रिम अनुमान के अनुसार काजू उत्पादन में प्रथम राज्य महाराष्ट्र है, आंध्र प्रदेश और ओडिशा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

29. भारत में अधिकांश प्राकृतिक गैस का उत्पादन किया जाता है –

(a) आन्ध्र प्रदेश तट से (b) गुजरात तट से
(c) बॉम्बे हाई से (d) तमिलनाडु तट से

उत्तर – (c)

व्याख्या –भारत में सर्वाधिक प्राकृतिक गैस का उत्पादन अपतटीय क्षेत्र बॉम्बे हाई से किया जाता था। इसके अतिरिक्त वर्तमान (2019–20) में प्राकृतिक गैस के उत्पादन में प्रथम तीन राज्य क्रमशः असम, राजस्थान व त्रिपुरा हैं।

30. निम्न राज्यों में से कौन सा पवन ऊर्जा के उत्पादन में प्रथम स्थान रखता है?

(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र
(c) कर्नाटक (d) राजस्थान

उत्तर – (a)

व्याख्या – प्रश्न काल के समय पवन ऊर्जा के उत्पादन में प्रथम स्थान गुजरात का था। समस्त भारत के दृष्टिकोण से वर्तमान (दिसंबर, 2019 के अंत तक) में पवन ऊर्जा के उत्पादन में तमिलनाडु का प्रथम स्थान (लगभग 29% ऊर्जा) है। इसके बाद क्रमशः गुजरात एवं महाराष्ट्र हैं। वैश्विक दृष्टिकोण के संदर्भ में चीन का प्रथम, अमेरिका का द्वितीय, जर्मनी का तृतीय और भारत वर्तमान में चौथे स्थान पर आ गया है।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

31. पेट्रो-रसायन के उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र कहाँ पर स्थित है?

(a) जामनगर (b) अंकलेश्वर
(c) नूनमाटी (d) ट्रॉम्बे

उत्तर – (a)

व्याख्या – पेट्रो रसायन के उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र जामनगर में स्थित है। गुजरात राज्य के जामनगर जिले में क्रूड ऑयल की रिफाइनरी है, जिसका स्वामित्व मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास है। इसकी स्थापना 14 जुलाई, 1999 को हुई थी, जिसकी उत्पादन क्षमता 68,200 हजार टन है। यह वर्तमान में देश की सबसे बड़ी रिफाइनरी है।

32. भारत में कुल उत्पादित विद्युत में परमाणु शक्ति का भाग है लगभग –

(a) 2% (b) 3%
(c) 4% (d) 5%

उत्तर – (b)

व्याख्या–प्रश्नकाल के समय कुल उत्पादित विद्युत में परमाणु शक्ति का भाग लगभग 3 प्रतिशत था। वर्ष 30 नवंबर, 2021 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में कुल उत्पादित विद्युत में परमाणु शक्ति का भाग लगभग 1.7 प्रतिशत है। सर्वाधिक भाग ताप विद्युत (59.9 प्रतिशत) का है।

33. भारत के निम्न लौह एवं इस्पात उत्पादक केंद्रों में कौन कोयला क्षेत्रों से काफी दूर स्थित है?

(a) बोकारो (b) दुर्गापुर
(c) कुल्टी-आसनसोल (d) भद्रावती

उत्तर – (d)

व्याख्या – उपर्युक्त विकल्पों में भद्रावती लौह एवं इस्पात केन्द्र, कोयला क्षेत्र से काफी दूर जबकि बोकारो, दुर्गापुर एवं कुल्टी आसनसोल कोयला क्षेत्रों के पास स्थित है।

34. निम्न में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(a) सरदार सरोवर बाँध – नर्मदा नदी
(b) तलैया बाँध – कोनार नदी
(c) गांधी सागर बाँध – चम्बल नदी
(d) नागार्जुन सागर बाँध – कृष्णा नदी

उत्तर – (b)

व्याख्या – तलैया बाँध, बराकर नदी पर झारखण्ड राज्य के कोडरमा जिले में अवस्थित है। जबकि गांधी सागर बांध चंबल नदी पर, सरदार सरोवर बांध नर्मदा नदी पर और नागार्जुन सागर बांध कृष्णा नदी पर स्थित है।

35. भारत में लिग्नाइट कोयले का सर्वाधिक जमाव पाया जाता है –

(a) झारखण्ड में (b) ओडिशा में
(c) जम्मू एवं कश्मीर में (d) तमिलनाडु में

उत्तर – (d)

व्याख्या– कोल डायरेक्ट्री ऑफ इंडिया (2012-13) के अनुसार लिग्नाइट कोयले का सर्वाधिक भण्डार (जमाव) भारत के तमिलनाडु राज्य में है। यहाँ पर 34347.71 मिलियन टन लिग्नाइट 1 अप्रैल, 2013 तक मौजूद था। वित्तीय वर्ष 2020-21 में कोयले का सर्वाधिक भंडारण भारत के झारखण्ड, ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ में साथ ही सर्वाधिक उत्पादन में छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं मध्य प्रदेश राज्य से हो रहा है।

36. भारत में प्रथम जल विद्युत संयंत्र की स्थापना की गई थी –

(a) दार्जिलिंग में (b) शिवसमुद्रम में
(c) मोहरा में (d) खोपोली में

उत्तर – (a)

व्याख्या – सिद्रापोंग जलविद्युत संयंत्र, जो कि भारत का प्रथम जल विद्युत संयंत्र की स्थापना दार्जिलिंग (सिद्रापोंग) में 1897 में की गई थी। इसके बाद 1902 में शिवसमुद्रम में जलविद्युत गृह की स्थापना कावेरी नदी पर की गई है।

37. भारत में सर्वप्रथम खनिज तेल का कुआँ खोदा गया –

(a) डिगबोई में (b) माकूम में
(c) नरकटिया में (d) लकवा में

उत्तर – (b)

व्याख्या – असम में पहली बार सन् 1867 में माकूम क्षेत्र में पेट्रोलियम प्राप्त हुआ किन्तु असम में वास्तविक उत्पादन कार्य सन् 1890 में डिगबोई से प्रारंभ हुआ।

38. भारत की निम्न फसलों में से किस फसल के अंतर्गत उसके शुद्ध सकल कृषि क्षेत्र के सिंचित क्षेत्र का सर्वाधिक प्रतिशत है?

(a) गेहूँ (b) चावल
(c) तिलहन (d) गन्ना

उत्तर – (d)

व्याख्या – गन्ने की फसल के अंतर्गत उसके शुद्ध सकल कृषि क्षेत्र के सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत सर्वाधिक है। इसके बाद क्रमशः गेहूँ, चावल तथा तिलहन है।

39. निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज केरल में बहुतायत से मिलता है?

(a) टिन (b) मैंगनीज
(c) अभ्रक (d) मोनाजाइट

उत्तर – (d)

व्याख्या – भारत के पास विश्व का सबसे बड़ा थोरियम का भंडार है। यह थोरियम भारत के दक्षिणी तटीय भागों में प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। मोनोजाइट खनिज जो कि थोरियम और यूरेनियम का यौगिक है, केरल के तटीय क्षेत्रों में बहुतायत से मिलता है।

परिवहन

40. वर्तमान मुम्बई बंदरगाह के दबाव को कम करने के लिए कौन से पत्तन का निर्माण किया गया?

(a) एन्नोर (b) हल्दिया
(c) पारादीप (d) न्हावा शेवा (ज.ल.न. पत्तन)

उत्तर – (d)

व्याख्या – जवाहर लाल नेहरू पोर्ट (पत्तन) जो कि न्हावा शेवा पत्तन के नाम से भी जाना जाता है, अरब सागर के तट पर दक्षिणी मुम्बई में स्थित है। इसका नामकरण यहीं पर स्थित न्हावा और शेवा नामक दो गाँवों पर किया गया है, मुंबई बंदरगाह के दबाव को कम करने हेतु बनाया गया है। यह विश्व के सबसे बड़े पत्तनों में से एक है। इसका स्वामित्व भारत सरकार के पास है।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

41. कृष्णा नदी जल विवाद किन राज्यों के मध्य है?

(a) कर्नाटक एवं महाराष्ट्र
(b) कर्नाटक एवं आन्ध्र प्रदेश
(c) आन्ध्र प्रदेश एवं तमिलनाडु
(d) आन्ध्र प्रदेश एवं महाराष्ट्र

उत्तर – (*)

व्याख्या – ध्यातव्य हो कि कृष्णा नदी जल विवाद आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र के मध्य वर्ष 1957 से चला आ रहा है जबकि विकल्प में कर्नाटक एवं महाराष्ट्र तथा कर्नाटक एवं आन्ध्र प्रदेश दिया गया है।

42. भारत के निम्न राज्यों में से किसकी प्रान्तीय राजमार्गों की सकल लम्बाई सबसे अधिक है?

(a) गुजरात (b) राजस्थान
(c) उत्तर प्रदेश (d) महाराष्ट्र

उत्तर – (d)

व्याख्या – महाराष्ट्र राज्य की प्रान्तीय राजमार्गों की लम्बाई भारत के सभी राज्यों में सर्वाधिक है। इसके बाद क्रमशः कर्नाटक, गुजरात राज्य आते हैं।

43. भारत के निम्नलिखित बन्दरगाहों में से कौन सा एक ओडिशा तट पर अवस्थित है?

(a) हल्दिया (b) मुम्बई
(c) पारादीप (d) विशाखापट्नम

उत्तर – (c)

व्याख्या – पारादीप पोर्ट ओडिशा राज्य के जगतसिंहपुर जिले में महानदी और बंगाल की खाड़ी के सम्मिलन स्थल के मुहाने पर है। इस पोर्ट के निर्माण की आधारशिला 3 जनवरी, 1962 को भारत के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा रखी गयी थी और इसने 12 मार्च, 1966 से कार्य करना आरम्भ किया। इसका स्वामित्व भारत सरकार के पास है और इसका संचालन और प्रशासन पारादीप पोर्ट ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। ध्यातव्य हो कि पारादीप में इंडियन ऑयल द्वारा एक तेल शोधन इकाई की स्थापना की गई है।

44. निम्नलिखित नदी परियोजनाओं में से कौन व्यास नदी के पोंग बाँध के जल का उपयोग करती है?

(a) इंदिरा गाँधी नहर परियोजना
(b) पोचमपाद परियोजना
(c) मयूराक्षी परियोजना
(d) नागार्जुन सागर परियोजना

उत्तर – (a)

व्याख्या – व्यास नदी के पोंग बाँध के जल का उपयोग इंदिरा गाँधी नहर परियोजना करती है। इंदिरा गाँधी नहर पंजाब में सतलज और व्यास नदियों के सम्मिलन स्थल से कुछ आगे सुल्तानपुर में स्थित हरिके बैराज से प्रारम्भ होती है। यह राजस्थान नहर के नाम से भी जानी जाती है जो राजस्थान प्रदेश के उत्तर-पश्चिम भाग में बहती है। यह भारत की सबसे बड़ी नहर परियोजना है। 650 किमी. लम्बी यह नहर पंजाब, हरियाणा तथा राजस्थान में सिंचाई हेतु प्रयुक्त है।

श्रीराम सागर प्रोजेक्ट जो पोचमपाद परियोजना के नाम से भी जानी जाती है, आन्ध्र प्रदेश के निजामाबाद जिले में गोदावरी नदी पर स्थित है और यह तेलंगाना के अधिकांश भाग की जीवनरेखा है। इस परियोजना की नींव भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा 26 जुलाई, 1963 को रखी गई थी।

मयूराक्षी नदी जिसे मोर नदी के नाम से भी जाना जाता है, पश्चिम बंगाल की एक बड़ी नदी है, जिसका उद्गम स्थल झारखण्ड में देवघर से 16 किमी. दूर त्रिकूट पर्वत पर है। यह 250 किमी. लम्बी नदी है। यह झारखण्ड के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के वीरभूमि तथा मुर्शिदाबाद जिलों से बहते हुए हुगली नदी से मिल जाती है। मयूराक्षी परियोजना इसी नदी पर स्थित है।

नागार्जुन सागर परियोजना आन्ध्र प्रदेश में गुंटूर और नलगोंडा जिलों की सीमा पर कृष्णा नदी पर अवस्थित है।

45. निम्न में से कौन सा तट 'कोच्चि बंदरगाह' से सम्बन्धित है?

(a) मालाबार तट (b) कोंकण तट
(c) कोरोमण्डल तट (d) उत्तरी सरकार तट

उत्तर – (a)

व्याख्या – कोच्चि बंदरगाह केरल राज्य और मालाबार तट का प्रमुख बंदरगाह है। यह समुद्र के समांतर एक विशाल अनूप के मुहाने पर स्थित प्राकृतिक बंदरगाह है।

46. भारत के निम्न राज्यों में से कौन रेल सेवा से वंचित है?

(a) त्रिपुरा (b) मेघालय
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) मिजोरम

उत्तर – (b)

व्याख्या–प्रश्नकाल के दौरान मेघालय में रेलवे स्टेशन निर्माण कार्य का शुभारम्भ हुआ था जो कि वर्तमान में संचालित हो रहा है। वर्तमान में अन्य सभी राज्यों में रेल सेवा संचालित है।

47. कोंकण रेलवे जोड़ता है –

(a) मुम्बई से मनमाड को (b) रोहा से मैंगलोर को
(c) मैंगलोर से कोच्चि को (d) मुम्बई से पुणे को

उत्तर – (b)

व्याख्या – कोंकण रेलवे भारतीय रेल की एक आनुषंगिक इकाई के रूप में परंतु स्वायत्त रूप से परिचालित होने वाली रेल व्यवस्था है, जिसका मुख्यालय नवी मुंबई के बेलापुर में है। यह सीधे रेलवे बोर्ड एवं रेलमंत्री की निगरानी में कार्य करता है। इसकी स्थापना 26 जनवरी, 1998 में हुई थी। कोंकण रेलवे कर्नाटक में मंगलौर के निकट थोकुर से महाराष्ट्र में स्थित रोहा रेलवे स्टेशन के मध्य परिचालित होती है। 760 किमी. लम्बी यह लाइन महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक राज्यों को जोड़ती है।

विश्व का भूगोल

स्थल मण्डल

48. निम्नलिखित में से कौनसा एक प्रवाल द्वीप है?

(a) न्यूमूर (b) कार निकोबार
(c) अण्डमान (d) लक्षद्वीप

उत्तर – (d)

व्याख्या – लक्षद्वीप केरल तट के पश्चिम में 300 किमी. पर अरब सागर में फैले 36 प्रवाल द्वीपों का समूह है। कोरल द्वीप समूह कोरल नामक पॉलिप्स समुद्री जीवों के हजारों लाखों साल तक कोरल रीफ का निर्माण करते रहने से ऐसे द्वीपों का निर्माण होता है। ये द्वीप समूह एक सीधी शृंखला में होने के बजाए झुंडो में पाए जाते हैं। इसका उदाहरण भारत का लक्षद्वीप समूह है।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

49. फ्रांस तथा स्पेन के बीच सीमा बनाने वाला पर्वत है –

(a) अपेनाइन्स (b) आल्पस
(c) जुरा (d) पेरिनीज

उत्तर – (d)

व्याख्या – फ्रांस व स्पेन के बीच पेरिनीज पर्वत सीमा रेखा के रूप में मान्य है। पेरिनीज पर्वत शृंखला यूरोप में स्पेन और फ्रांस की सीमा पर स्थित एक पर्वतमाला है। यह आईबेरियन प्रायद्वीप को यूरोप के महाद्वीप से अन्य भागों को अलग कर देता है।

50. सूची-I तथा सूची-II का सुमेल कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :

सूची-I	सूची-II
A. आल्प्स	1. भ्रंशोत्थ पर्वत
B. वोस्जेज	2. ज्वालामुखी पर्वत
C. विन्ध्य	3. वलित पर्वत
D. फ्यूजीयामा	4. अवशिष्ट पर्वत

कूट :

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	2	4	1	3	(b)	3	1	4	2
(c)	1	3	2	4	(d)	1	4	3	2

उत्तर – (b)

व्याख्या – सही सुमेलन इस प्रकार है –

पर्वत श्रेणी	पर्वत प्रकार
आल्प्स	वलित पर्वत
वोस्जेज	भ्रंशोत्थ पर्वत
विन्ध्य	अवशिष्ट पर्वत
फ्यूजीयामा	ज्वालामुखी पर्वत

51. अंधी घाटियाँ पाई जाती हैं-

(a) कार्स्ट प्रदेश में (b) शुष्क प्रदेश में
(c) हिमानीकृत प्रदेश में (d) टुंड्रा प्रदेश में

उत्तर – (a)

व्याख्या – अंधी घाटियाँ कार्स्ट प्रदेश (चूना प्रदेशों) में पायी जाती हैं। जब विलय रन्ध्र नदी के प्रवाह मार्ग के बीच आ जाते हैं तो पूरी नदी ही उनमें गिरकर विलीन हो जाती है। ये विलुप्त जल धाराएँ बाद में पातालीय नदियों का रूप ले लेती है और अंदर बढ़ती हुई सागर तक पहुँच जाती है अतः शेष शुष्क घाटी को अंधी घाटी कहते हैं।

52. निम्नलिखित में से कौन सा देश आर्कटिक वृत्त के दक्षिण में पाया जाता है?

(a) फिनलैण्ड (b) आइसलैण्ड
(c) नार्वे (d) स्वीडन

उत्तर – (b)

व्याख्या – आइसलैण्ड देश आर्कटिक वृत्त के दक्षिण में स्थित है। अन्य तीनों देशों फिनलैण्ड, नार्वे तथा स्वीडन से आर्कटिक वृत्त गुजरता है।

53. भूपर्पटी में बहुतायत से पाया जाने वाला रासायनिक तत्त्व है-

(a) ऑक्सीजन (b) एल्यूमिनियम
(c) लोहा (d) सिलिकॉन

उत्तर – (a)

व्याख्या – पृथ्वी के ऊपरी भाग को भू-पर्पटी कहते हैं जिसमें यह अंदर की तरफ 34 किमी. तक का क्षेत्र है। इसमें आक्सीजन–46.1%, लोहा–5.05%, सिलिकॉन–27.69%, मैग्नीशियम–2.08% एवं एल्युमीनियम–8.07% होता है।

54. निम्न में से कौन सा द्वीप भारतीय तट रेखा के सुदूरवर्ती द्वीप की श्रेणी में आता है?

(a) भटकल (b) अरनाला
(c) मिनीकॉय (d) हैनरे

उत्तर – (c)

व्याख्या – भटकल, अरनाला तथा हैनरे द्वीप अपतटीय द्वीप तथा मिनीकॉय द्वीप भारतीय तटरेखा के सुदूरवर्ती द्वीप की श्रेणी में आता है। मिनिकॉय द्वीप लक्ष्यदीप का दक्षिणी सबसे बड़ा द्वीप है, जो कि कोच्चि के दक्षिण-पश्चिम में 398 किमी. दूरी पर स्थित है।

55. निम्न में से कौन सा देश क्षेत्रफल में भारत से बड़ा नहीं है?

(a) रूस (b) ब्राजील
(c) कनाडा (d) फ्रांस

उत्तर – (d)

व्याख्या – क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत से बड़े देशों की संख्या छः है जो इस प्रकार हैं–रूस, कनाडा, चीन, अमेरिका, ब्राजील एवं ऑस्ट्रेलिया। भारत का क्षेत्रफल–3287263 वर्ग किमी., फ्रांस का क्षेत्रफल–543965 वर्ग किमी. है।

56. इनमें से कौन सा देश भारत के साथ सबसे लम्बी स्थलीय सीमा बनाता है?

(a) चीन (b) पाकिस्तान
(c) बांग्लादेश (d) नेपाल

उत्तर – (c)

व्याख्या – भारत के साथ सबसे लम्बी स्थलीय सीमा बांग्लादेश (4096.7 किमी.), चीन (3488 किमी.), पाकिस्तान (3323 किमी.), नेपाल (1751 किमी.), म्यांमार (1643 किमी.), भूटान (699 किमी.) एवं सबसे कम अफगानिस्तान (106 किमी.) की है।

57. संयुक्त राज्य अमेरिका (यू.एस.ए.) के दक्षिणी कैलिफोर्निया में 'मृत घाटी' उदाहरण है –

(a) अपनत घाटी (b) अभिनत घाटी
(c) पूर्ववर्ती घाटी (d) रिफ्ट घाटी

उत्तर – (d)

व्याख्या – मृत घाटी पूर्वी कैलीफोर्निया में स्थित एक रेगिस्तान है जो भू-भ्रंश घाटी (रिफ्ट वैली) का उदाहरण है। यह मोजाबे रेगिस्तान में स्थित है और उत्तरी अमेरिका के सबसे निचले, शुष्क तथा गर्म स्थानों में से एक है।

जल मण्डल

58. निम्नलिखित में से किस तट से भारत का औसत समुद्र तल नापा जाता है?

(a) मुम्बई (b) चेन्नई
(c) कोचीन (d) विशाखापट्टनम

उत्तर – (b)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या – ऊँचाई वह माप है जो किसी धरातलीय बिंदु की (स्थान की) तल से उर्ध्वाधर दूरी या ऊँचाई बताती है। समुद्र तल समुद्री जल की औसत सतह से निर्मित मापी जाती है। भारत में औसत ऊँचाई मद्रास (चेन्नई) के समुद्र तल से मापी जाती है।

59. निम्नलिखित में से कौन सा देश नील नदी द्वारा अपवाहित नहीं होता है?

(a) चाड (b) इथियोपिया
(c) सूडान (d) युगाण्डा

उत्तर – (a)

व्याख्या – नील नदी का उद्‌गम विक्टोरिया झील (युगाण्डा, तंजानिया, केन्या) से होता है, जो पूर्वी अफ्रीका के 10 देशों में बहते हुए भूमध्य सागर में गिरती है। नील नदी की कुल लंबाई लगभग 6600 किलोमीटर से अधिक है। यह अफ्रीका के मिस्र, बुरुंडी, तंजानिया, खांडा, कांगो गणराज्य, केन्या, युगाण्डा, सूडान, इथियोपिया और दक्षिण सूडान में बहती है।

60. प्रायद्वीपीय भारत की नदियों में से कौन सी सबसे लम्बी नदी है?

(a) कृष्णा (b) कावेरी
(c) गोदावरी (d) महानदी

उत्तर – (c)

व्याख्या – महाराष्ट्र राज्य के नासिक जिले के त्रयंबकेश्वर नामक स्थान से उद्‌गमित होकर महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश राज्यों से प्रवाहित होते हुए मछलीपत्तनम के उत्तर में बंगाल की खाड़ी में गिर जाती है। राजमुंद्री के निकट यह अनेक धाराओं में विभक्त होकर दक्षिण भारत में सबसे बड़े डेल्टा का निर्माण करती है। 1465 किमी. की लम्बाई तय करने वाली इस प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लम्बी नदी है। इसे भारत की बूढ़ी गंगा भी कहते हैं। इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ वेनगंगा, पेनगंगा, इंद्रावती, मंजरा, वर्धा, प्राणहिता इत्यादि हैं।

वायु मण्डल

61. निम्नलिखित देशों में से कौन भूमध्यरेखीय जलवायु के अंतर्गत नहीं पाया जाता है?

(a) कांगो (b) इथियोपिया
(c) गैबन (d) जैरे

उत्तर – (b)

व्याख्या – भूमध्य सागरीय जलवायु, कोपेन वर्गीकरण का प्रमुख जलवायु प्रकार है, जो गर्म शुष्क ग्रीष्मकाल और ठण्डी आर्द्र शीत काल की विशेषता वाला होता है। इस प्रकार की जलवायु में भूमध्य रेखा के उत्तर और दक्षिण में लगभग 30°-45° अक्षांशों के मध्य महाद्वीपों के पश्चिमी किरानों पर पाई जाती हैं। इथियोपिया पूर्वी अफ्रीकी देश है इसके अतिरिक्त उपर्युक्त तीनों देश कांगो, गैबन तथा जायरे भूमध्यरेखीय जलवायु के अंतर्गत पाये जाते हैं।

आर्थिक भूगोल

62. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?

(a) बोलीविया – टिन
(b) ब्राजील – लौह अयस्क
(c) मैक्सिको – चाँदी
(d) पेरू – सोना

उत्तर – (*)

व्याख्या – प्रश्न काल के समय उपर्युक्त चारों विकल्प सुमेलित थे। वर्ल्ड मिनिरल ईयरबुक 2017-21 में जारी आँकड़ों के अनुसार उपर्युक्त खनिजों के विश्व में प्रमुख उत्पादक देश निम्न हैं–

टिन – चीन, इण्डोनेशिया, पेरु आदि।
लौह अयस्क – चीन, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, भारत आदि।
चाँदी – मैक्सिको, पेरु, चीन आदि।
सोना – चीन, ऑस्ट्रेलिया, रूस आदि।
नोट - वर्तमान में पेरू का चाँदी भण्डारण में प्रथम स्थान है।

63. निम्न देशों में से कौन विश्व में लौह अयस्क का बृहत्तम उत्पादक है?

(a) चीन (b) भारत
(c) ब्राजील (d) फ्रान्स

उत्तर – (a)

व्याख्या – प्रश्नकाल में विश्व में लौह अयस्क का सबसे बड़ा उत्पादक देश चीन था। वर्ल्ड मिनिरल ईयरबुक 2017-21 के अनुसार वर्तमान में लौह अयस्क का सबसे बड़ा उत्पादक देश अस्ट्रेलिया है। इसके बाद चीन द्वितीय और ब्राजील तृतीय स्थान पर है।

64. निम्नलिखित ऊनी वस्त्र उत्पादक केंद्रों में से कौन जर्मनी से सम्बन्धित है?

(a) सेंट पीटर्सबर्ग (b) वुपरताल
(c) ब्रेडफोर्ड (d) प्रैटो

उत्तर – (b)

व्याख्या – वुपरताल जर्मनी में स्थित विश्व प्रसिद्ध प्रमुख ऊनी वस्त्र उत्पादक केंद्र के रूप में जाना जाता है। सेंट पीट्सबर्ग रूस में ब्रेडफोर्ड इंग्लैण्ड में तथा प्रैटो इटली में स्थित है।

65. विश्व में बॉक्साइट का बृहत्तम उत्पादक है –

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) ब्राजील
(c) चीन (d) भारत

उत्तर – (a)

व्याख्या – वर्ल्ड मिनिरल ईयरबुक 2017-21 के अनुसार विश्व का एक तिहाई बॉक्साइड उत्पादन ऑस्ट्रेलिया कर रहा है। दूसरे स्थान पर गिनी तथा तीसरे स्थान पर चीन है।

66. सूची-I तथा सूची-II का सुमेल कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये –

सूची-I (नदी)	सूची-II (बाँध)
A. कोलोरेडो	1. अस्वान
B. दामोदर	2. कैरीबा
C. नील	3. पंचेत हिल
D. जाम्बेजी	4. हूवर

कूट :

	A	B	C	D
(a)	4	3	1	2
(b)	1	2	3	4
(c)	3	4	1	2
(d)	1	3	4	2

उत्तर – (a)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या – सही सुमेल इस प्रकार हैं –

नदी	**बाँध**
कोलोरेडो	हूवर बाँध
दामोदर	पंचेत हिल
नील	अस्वान
जाम्बेजी	करीबा

67. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में किस देश की अधिकतम हिस्सेदारी है?

(a) चीन (b) फ्रांस
(c) जर्मनी (d) संयुक्त राज्य अमेरिका

उत्तर – (d)

व्याख्या – प्रश्नकाल में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में संयुक्त राज्य अमेरिका की हिस्सेदारी अधिकतम थी। विश्व व्यापार संगठन के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 में चीन, 14.4 प्रतिशत वैश्विक निर्यात और 10.6 प्रतिशत वैश्विक आयात के साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में सर्वाधिक हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद क्रमशः संयुक्त राज्य अमेरिका और जर्मनी है।

68. यूरोप के लौह अयस्क उत्पादक देशों में फ्रांस का स्थान है –

(a) प्रथम (b) द्वितीय
(c) तृतीय (d) चतुर्थ

उत्तर – (d)

व्याख्या – प्रश्नकाल के समय के आकड़ों के अनुसार यूरोप के प्रमुख लौह अयस्क उत्पादक चार प्रमुख देश क्रमशः स्वीडन, तुर्की, नार्वे और आस्ट्रिया है। इस प्रकार चार प्रमुख उत्पादक राष्ट्रों में फ्रांस शामिल नहीं है। यद्यपि पिग आयरन के उत्पादन में फ्रांस का जर्मनी, तुर्की और इटली के बाद चौथा स्थान है। इस प्रकार पिग आयरन के उत्पादन के अनुसार सही उत्तर विकल्प (d) सही माना जा सकता है। वर्ल्ड मिनिरल ईयरबुक (2017–21) के अनुसार विश्व के तीन प्रमुख लौह उत्पादक देश क्रमशः ऑस्ट्रेलिया, चीन और ब्राजील हैं।

69. स्वेज नहर के दोनों सिरों पर स्थित पत्तन-युग्म है –

(a) काहिरा तथा अलेक्जेंड्रिया (b) स्वेज तथा काहिरा
(c) काहिरा तथा पोर्ट सईद (d) पोर्ट सईद तथा स्वेज

उत्तर – (d)

व्याख्या – स्वेज नहर के दोनों सिरों पर पोर्ट सईद और पोर्ट स्वेज पत्तन स्थित हैं। पोर्ट सईद भूमध्य सागर के तट पर स्वेज नहर के उत्तर में स्थित है। स्वेज नहर की खुदाई सन् 1859 में शुरू हुई और यह 1869 में बनकर तैयार हुई। पोर्ट स्वेज लाल सागर के तट पर स्वेज नहर के दक्षिणी किनारे पर स्थित है।

70. किस देश में बाजार आधारित लौह एवं इस्पात के कारखाने पाये जाते हैं?

(a) चीन (b) भारत
(c) जापान (d) यूनाइटेड किंगडम

उत्तर– (c)

व्याख्या – जापान में लौह एवं इस्पात के बाजार आधारित कारखाने पाये जाते हैं। जापान में अन्य देशों की अपेक्षा लोहा कम मात्रा में पाया जाता है, इसलिये जापान इसे अन्य देशों से आयात करता है।

71. निम्न देशों में से ऊन का सबसे बड़ा उत्पादक देश कौन सा है?

(a) चीन (b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) ऑस्ट्रेलिया (d) यूनाइटेड किंगडम

उत्तर – (a)

व्याख्या – प्रश्नकाल के समय ऊन उत्पादन में विश्व में चीन का प्रथम स्थान था। वर्तमान में ऊन उत्पादन में क्रमशः ऑस्ट्रेलिया, चीन, यू.एस.ए., न्यूजीलैंड व अर्जेंटीना हैं।

72. सूची-I तथा सूची-II का सुमेल कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :

सूची-I (फसल)	**सूची-II (प्रदेश)**
A. रबर	1. मॉरीशस
B. कहवा	2. इटली
C. जैतून	3. कोलम्बिया
D. गन्ना	4. मलेशिया

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	4	3	2	1
(c)	4	3	1	2
(d)	3	4	2	1

उत्तर – (b)

व्याख्या – सही सुमेल है –

फसल		**प्रदेश**
रबर	–	मलेशिया
कहवा	–	कोलम्बिया
जैतून	–	इटली
गन्ना	–	मॉरीशस

73. निम्न में से कौन सा देश हीरा का सबसे बड़ा उत्पादक है?

(a) आस्ट्रेलिया (b) वेनेजुएला
(c) रूस (d) बोत्सवाना

उत्तर – (c)

व्याख्या – रूस विश्व में हीरे का सबसे बड़ा उत्पादक देश है, यह विश्व में कुल हीरा उत्पादन का 26% भाग स्वयं उत्पादित करता है। दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमशः बोत्सवाना व कनाडा है। रूस हीरे के मूल्य से दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक व निर्यातक है।

मानव भूगोल एवं मानचित्रावली

74. निम्नलिखित जनजातियों में से कौन सी केरल में पायी जाती है?

(a) चेंचू (b) लेपचा
(c) डफला (d) डाफर

उत्तर – (a)

व्याख्या – चेंचू जनजाति केरल में, लेपचा जनजाति सिक्किम में, डाफर जनजाति गुजरात तथा डफला अरुणाचल प्रदेश व असम में पाई जाती है।

75. यदि जन्म एवं मृत्यु दर समान हैं तथा अन्तः या बाह्य प्रव्रजन नहीं होता है तो जनसंख्या में कोई परिवर्तन नहीं होता है। इसे कहा जाता है –

(a) स्थिर जनसंख्या (b) शून्य जनसंख्या वृद्धि
(c) गत्यात्मक जनसंख्या (d) जनसंख्या की स्थिरता

उत्तर – (b)

व्याख्या – जब औसत जन्म दर और मृत्यु दर समान होती है तथा अंतः और वाह्य प्रवजन नहीं होता है। तो इस स्थिति को शून्य जनसंख्या वृद्धि कहा जाता है।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

जनसंख्या एवं नगरीकरण

76. 2001 की जनगणना के अनुसार भारत के किस राज्य में बाल मृत्युदर न्यूनतम थी?

(a) केरल (b) हिमाचल प्रदेश
(c) कर्नाटक (d) जम्मू और काश्मीर

उत्तर – (a)

व्याख्या – 2001 में केरल राज्य में बाल मृत्यु दर न्यूनतम थी। 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक बाल मृत्यु दर मध्य प्रदेश (47) प्रति हजार एवं न्यूनतम बाल मृत्यु दर नागालैंण्ड (7) प्रति हजार और गोवा में 8 है। भारत में 2012 में 42 से घट कर 2017 में 33 पर पहुंच गयी है।

77. निम्न में से किस राज्य ने मृत्यु गणना की शुरुआत की है?

(a) कर्नाटक (b) केरल
(c) आन्ध्र प्रदेश (d) हिमाचल प्रदेश

उत्तर – (a)

व्याख्या – कर्नाटक राज्य भारत में मृत्यु गणना की शुरुआत करने वाला प्रथम राज्य है।

78. निम्न युग्मों में से कौन सा एक सही सुमेलित नहीं है?

जनगणना वर्ष		भारत में लिंगानुपात
(a) 1951	–	946
(b) 1971	–	930
(c) 1991	–	927
(d) 2011	–	925

उत्तर – (d)

व्याख्या – जनगणना 2011 के अनुसार भारत में लिंगानुपात 943 है। भारत में सर्वाधिक लिंगानुपात केरल (1084) में व न्यूनतम हरियाणा (879) में है। केंद्रशासित प्रदेशों के संदर्भ में सर्वाधिक लिंगानुपात पुडुचेरी (1037) में व न्यूनतम दमन व दीव (618) में है।

79. निम्न में से कौन सी एक, 2001-11 के दशक में, भारत की जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर रही है?

(a) 17.11 प्रतिशत (b) 17.64 प्रतिशत
(c) 16.74 प्रतिशत (d) 16.05 प्रतिशत

उत्तर – (b)

व्याख्या – जनगणना 2011 के अनुसार 2001-2011 के दशक में, भारत की जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 17.70% है। राज्यों में सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर वाला राज्य मेघालय (27.9%) तथा न्यूनतम दशकीय वृद्धि दर वाला राज्य नागालैण्ड (–0.6%) है।

80. 2001 की जनगणना के अनुसार, भारत के किस केन्द्र शासित प्रान्त में साक्षरता दर अधिकतम थी?

(a) दिल्ली (b) चंडीगढ़
(c) लक्षद्वीप (d) पांडिचेरी

उत्तर – (c)

व्याख्या – 2001 की जनगणना के अनुसार भारत के लक्षद्वीप (86.7%) नामक केंद्र शासित प्रदेश में साक्षरता दर अधिकतम व पुडुचेरी (81.2%) में न्यूनतम थी। 2011 की जनगणनानुसार केंद्रशासित प्रदेशों में अब भी लक्षद्वीप (91.8%) की साक्षरता दर सबसे अधिक व पुडुचेरी (85.8%) की सबसे कम है।

81. भारत में जनांककीय इतिहास में महाविभाजन का वर्ष है-

(a) 1921 (b) 1947
(c) 1951 (d) 1982

उत्तर – (a)

व्याख्या – 1921 के पश्चात् उच्च मृत्यु दर के लिए उत्तरदायी कारकों पर नियंत्रण प्रारम्भ हो गया, भारत की कृषि अर्थव्यवस्था में क्रमागत विकास, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं में महत्वपूर्ण वृद्धि से मृत्युदर को नियमित करने में सहायता मिली। जिसके कारण देश की जनसंख्या लगभग स्थिर दर से उत्तरोत्तर बढ़ती रही और इसलिये 1921 को भारत जनांकिकीय इतिहास में महाविभाजन का वर्ष माना जाता है।

भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था

भारत का संवैधानिक विकास

82. किसने कहा था ''संविधान सभा कांग्रेस थी और कांग्रेस भारत था?''

(a) ऑस्टिन (b) सी.आर. एटली
(c) विन्स्टन चर्चिल (d) लॉर्ड माउण्टबैटन

उत्तर – (a)

व्याख्या – ग्रैनविले ऑस्टिन ने अपनी पुस्तक 'द इंडियन कांस्टीट्यूशन' में लिखा है ''संविधान सभा कांग्रेस थी और कांग्रेस भारत था।''

83. 'पॉलिटिक्स इन इण्डिया' पुस्तक के रचयिता कौन हैं?

(a) विद्युत चक्रवर्ती (b) रजनी कोठारी
(c) रोमिला थापर (d) ए.के. दुबे

उत्तर – (b)

व्याख्या – 'पॉलिटिक्स इन इंडिया' पुस्तक की लेखिका रजनी कोठारी हैं। इस पुस्तक का प्रथम प्रकाशन 1970 में किया गया था।

विधान मण्डल : मंत्रिपरिषद

84. राज्य सभा का अध्यक्ष-

(a) राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
(b) संसद द्वारा चयनित होता है।
(c) उपराष्ट्रपति पदेन अध्यक्ष होता है।
(d) राज्य परिषद के सदस्यों द्वारा चुना जाता है।

उत्तर – (c)

व्याख्या – संविधान के अनुच्छेद 63 के अनुसार भारत का एक उपराष्ट्रपति होगा जिसका कार्यकाल उसके शपथ-ग्रहण की तिथि से लेकर पाँच वर्ष तक होगा। संविधान के अनुच्छेद 89 (1) के अनुसार भारत का उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होगा। उपराष्ट्रपति राज्यसभा का सदस्य नहीं होता है, किन्तु सभापति के रूप में निर्णय देने का अधिकार उसे प्राप्त है।

निर्वाचन आयोग, राजभाषा

85. मत देने का अधिकार और निर्वाचित होने का अधिकार भारत में है एक-

(a) मौलिक अधिकार (b) संवैधानिक अधिकार
(c) प्राकृतिक अधिकार (d) वैधानिक अधिकार

उत्तर – (d)

व्याख्या – चुने जाने एवं चुनने का अर्थात् मत देने का अधिकार एक वैधानिक अधिकार है। ध्यातव्य हो कि संविधान में निर्वाचन की विधि और निर्वाचन आयोग की शक्तियों और कृत्यों की केवल रूपरेखा है।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

पंचायती राजव्यवस्था व संविधान संशोधन अनुसूची

86. संविधान में संशोधन की पहल की जा सकती है-

(a) केवल लोक सभा में
(b) केवल राज्य सभा में
(c) केवल राज्य विधान सभाओं में
(d) संसद के किसी एक सदन में

उत्तर – (d)

व्याख्या – संविधान संशोधन की प्रक्रिया का उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 368 (2) में है। इस अनुच्छेद में उल्लिखित है कि संविधान संशोधन की प्रक्रिया संसद के किसी भी एक सदन में आरंभ की जा सकती है। इसके हेतु संसद के प्रत्येक सदन द्वारा कुल सदस्यों का बहुमत और मतदान में भाग लेने वाले सदस्यों के 2/3 मतों से विधेयक पारित हो जाये तो राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलते ही वह संशोधन संविधान का भाग बन जायेगा।

अर्थव्यवस्था

विकासशील एवं विकसित अर्थव्यवस्था

87. निम्न में से किस एक से समावेशित विकास को बढ़ाने की आशा नहीं की जाती है?

(a) राष्ट्रीय आय की ऊँची वृद्धि दर
(b) ग्रामीण विकास
(c) कृषि विकास
(d) कृषकों को पर्याप्त साख

उत्तर – (a)

व्याख्या – समावेशी विकास का अर्थ ऐसे विकास से लिया जाता है जिसमें रोजगार के अवसर पैदा हों और जो गरीबी कम करने में मददगार साबित हो। राष्ट्रीय आय की ऊँची वृद्धि दर समावेशिता के सिद्धान्तों को पूरा को यह जरूरी नहीं है। अन्य विकल्प समावेशिता के लिए एक आशा उत्पन्न करते हैं।

88. निम्न में से कौन सा एक, वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया की सफलता में बाधक है?

(a) निम्न आय
(b) निरक्षरता
(c) बैंक शाखाओं का अभाव
(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर – (d)

व्याख्या – वित्तीय समावेशन (Financial inclusion) पर गठित समिति के अध्यक्ष सी. रंगराजन के अनुसार निम्न आय, निरक्षरता और बैंक शाखाओं का अभाव इत्यादि वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया की सफलता में बाधक है।

89. विकास का भारतीय मॉडल किसके हितों की सुरक्षा करता है?

(a) व्यक्ति
(b) राज्य
(c) व्यक्ति और राज्य दोनों
(d) उपर्युक्त में से किसी की नहीं

उत्तर – (c)

व्याख्या – विकास का भारतीय मॉडल व्यक्ति और राज्य दोनों के हितों की सुरक्षा करता है, इस कथन की पुष्टि इस तथ्य से होती है कि, भारत में अर्थव्यवस्था के विकास के लिये मिश्रित अर्थव्यवस्था का स्वरूप अपनाया गया है।

गरीबी एवं बेरोजगारी

90. भारत में गरीबी अनुमानों का आधार है-

(a) प्रति व्यक्ति आय
(b) प्रति व्यक्ति आय
(c) परिवार का उपभोग व्यय
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर – (c)

व्याख्या – परिवार के उपभोग व्यय को भारत में गरीबी अनुमानों के आधार के रूप में मान्यता प्राप्त है। परिवार के उपभोग व्यय संबंधी आँकड़ों को राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा एकत्र किया जाता है जिसका उपयोग अधिक पारदर्शी व कारगर नीतियाँ जो गरीबी को कम करने में सहायक होती हैं। वर्तमान में गरीबी का अनुमान नीति आयोग के कार्यदल द्वारा NSSO के आंकड़े के आधार पर किया जाता है।

91. गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाली जनसंख्या के अनुमान के नये मानक निर्धारित करने के लिए भारत सरकार ने एक समिति गठित की थी। निम्न में से इस समिति के कौन अध्यक्ष थे?

(a) निर्मला देशपाण्डे
(b) वी. सिद्धार्थ
(c) सुरेश तेन्दुलकर
(d) प्रो. झानकीरमन

उत्तर – (c)

व्याख्या – प्रसिद्ध अर्थशास्त्री सुरेश डी. तेंदुलकर प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य तथा अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वर्ष 2005 में इसकी अध्यक्षता में 'तेंदुलकर समिति' का गठन किया गया, जिसने वर्ष 2009 में सौपी। अपनी रिपोर्ट में वर्ष 2004-05 में भारत की जनसंख्या के 37.2 प्रतिशत लोगों को गरीबी रेखा से नीचे बताया जो कि 2011-12 में घटकर 21.9 प्रतिशत रह गयी है।

92. तेन्दुलकर समिति ने भारत में गरीबी रेखा के नीचे की जनसंख्या का निम्न में से कौन सा अनुपात आकलित किया?

(a) 27.2
(b) 37.2
(c) 22.7
(d) 32.7

उत्तर – (b)

व्याख्या – तेंदुलकर समिति (2004-05) ने भारत में गरीबी रेखा के नीचे की जनसंख्या का प्रतिशत 37.2 बताया था जिसमें अब तक काफी सुधार हुआ है।

93. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना का वर्ष 2012 तक गरीबी अनुपात को कितने प्रतिशत घटाने का लक्ष्य है?

(a) 2.0 प्रतिशत
(b) 2.5 प्रतिशत
(c) 10.0 प्रतिशत
(d) 15.0 प्रतिशत

उत्तर – (c)

व्याख्या – भारत की ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-2012) के प्रारूप को योजना आयोग ने 8 नवम्बर, 2007 को तथा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 30 नवंबर, 2007 को अपनी मंजूरी प्रदान की थी। प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय विकास परिषद की 19 दिसम्बर, 2007 की बैठक में भी इस योजना के प्रारूप को अंतिम मंजूरी प्राप्त हो गई। योजनावधि में रोजगार के 7 करोड़ नये अवसर सृजित कर निर्धनता अनुपात में 10 प्रतिशत बिन्दु की कमी लाने का लक्ष्य इस योजना में निर्धारित किया गया था।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

आर्थिक नियोजन एवं राष्ट्रीय आय/बजट

94. वर्ष 2010-11 में 2004-05 की कीमतों पर, निम्न में से कौन सी एक, भारत में प्रति व्यक्ति आय है?

(a) रु. 30,525 (b) रु. 33,626

(c) रु. 34,443 (d) रु. 35,993

उत्तर – (d)

व्याख्या – वर्ष 2010-11 में 2004-05 की कीमतों पर भारत में प्रति व्यक्ति आय 35,993 रु. थी। वर्ष 2021–22 के दौरान स्थिर कीमतों पर (2011–12 कीमतों पर) प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 99,578 रुपये है।

95. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए :

1. मुख्य उद्देश्य था सब्सिडाईज्ड कीमतों पर आवश्यक वस्तुओं को प्रदान करना।
2. यह कीमत सहायक कार्यक्रम की तरह प्रारम्भ किया गया था।
3. खाद्य सब्सिडी राज्य सरकारों के द्वारा दी जाती है।

इन कथनों में से कौन सही है?

(a) 1, 2 तथा 3 (b) 1 तथा 2

(c) 1 तथा 3 (d) केवल 3

उत्तर – (b)

व्याख्या – सार्वजनिक वितरण प्रणाली को भारतीय खाद्य सुरक्षा प्रणाली भी कहा जा सकता है, जिनकी स्थापना भारत सरकार द्वारा 1960 के दशक में उपभोक्ता मामलों, खाद्य और सार्वजनिक वितरण के मंत्रालयों के अधीन हो गई। इस प्रणाली का संचालन केंद्र व राज्य सरकारों के सम्मिलित प्रबंधन द्वारा किया जाता है। इस प्रणाली का उद्देश्य सब्सिडाइज्ड कीमतों पर खाद्य और अखाद्य वस्तुओं को देश की गरीब जनता को सुलभ कराना है।

96. निम्न में से कौन सा एक भारत में, 2009-10 में स्वास्थ्य पर लोक व्यय जी.डी.पी. के प्रतिशत के रूप में है?

(a) 0.59 प्रतिशत (b) 1.09 प्रतिशत

(c) 1.59 प्रतिशत (d) 2.09 प्रतिशत

उत्तर – (b)

व्याख्या – वर्ष 2009-10 में भारत में स्वास्थ्य पर लोक व्यय जी.डी.पी. का 1.09% रहा, जिसमें केंद्र का 0.39% तथा राज्यों का 0.70% हिस्सा था। वर्ष 2022-23 में स्वास्थ्य क्षेत्र पर देश का खर्च जी.डी.पी. का 2.1 प्रतिशत है। भारत सरकार वर्ष 2025 तक स्वास्थ्य क्षेत्र में खर्च को बढ़ाकर जी.डी.पी. का 2.5 प्रतिशत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

97. निम्न में से कौन मध्याह्न भोजन योजना को प्रारम्भ एवं व्यवस्थित नहीं करता है?

(a) स्कूल मैनेजमेन्ट (व्यवस्थापक)

(b) पंचायती राज संस्था

(c) स्वयं सेवा समूह

(d) ठेकेदार

उत्तर – (d)

व्याख्या – मध्यान्ह भोजन योजना की शुरुआत 15 अगस्त, 1995 से हुई थी। मध्यान्ह भोजन योजना को प्रारम्भ एवं व्यवस्थित करने में स्कूल मैनेजमेंट (व्यवस्थापक), पंचायती राज संस्था एवं स्वयं सेवा समूह की भागीदारी तो रहती है किन्तु ठेकेदार की नहीं। वर्तमान मध्याह्न भोजन योजना का नाम बदलकर पी.एम. पोषण शक्ति निर्माण कर दिया।

98. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची-I	सूची-II
A. सर्व शिक्षा अभियान	1. 1987
B. साक्षर भारत मिशन	2. 1988
C. ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड	3. 2001
D. राष्ट्रीय साक्षरता मिशन	4. 2009

कूट :

	A	B	C	D
(a)	3	4	1	2
(b)	4	3	2	1
(c)	1	2	3	4
(d)	1	2	4	3

उत्तर – (a)

व्याख्या – सही सुमेल है –

सूची-I	सूची-II
सर्व शिक्षा अभियान	2001
साक्षर भारत मिशन	2009
ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड	1987
राष्ट्रीय साक्षरता मिशन	1988

99. निम्नांकित में से कौन एक न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत नहीं है?

(a) ग्रामीण जलापूर्ति

(b) सामाजिक वानिकी

(c) प्राथमिक शिक्षा

(d) नगरों की मलिन बस्तियों का सुधार

उत्तर – (b)

व्याख्या – न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम का प्रारम्भ पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-1979) के अंतर्गत हुआ था। ग्रामीण जलापूर्ति, प्राथमिक शिक्षा और नगरों की मलिन बस्तियों का सुधार इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आते हैं।

100. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन किस पंचवर्षीय योजना में शुरू किया गया?

(a) छठी (b) नौवीं

(c) दसवीं (d) ग्यारहवीं

उत्तर – (c)

व्याख्या – राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, ग्रामीण स्वास्थ्य सुधार के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रम है। इस योजना को 12 अप्रैल, 2005 को शुरू किया गया था। इस मिशन का प्रारम्भ दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002-2007) के दौरान प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा आरम्भ किया गया था।

101. आम आदमी बीमा योजना (ए.ए.बी.वाई.) को प्रारम्भ किया गया-

(a) 15 मार्च, 2009 को (b) 15 जनवरी, 2008 को

(c) 15 अगस्त, 2007 को (d) 2 अक्टूबर, 2007 को

उत्तर – (d)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या – निर्धनता रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले ग्रामीण भूमिहीन परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु आम आदमी बीमा योजना 2 अक्टूबर, 2007 से शुरू की गई। पहले चरण में 18-59 आयु वर्ग के भूमिहीन श्रमिकों के लिये योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत देय प्रीमियम (200 प्रति सदस्य) केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा 50 : 50 के अनुपात में वहन किया जाता है। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु राज्य सरकारों को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

कृषि, उद्योग एवं व्यापार

102. निम्न में से किस भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को चार 'नवरत्न' कम्पनियों को दिया गया 'महारत्न' का दर्जा नहीं प्राप्त हुआ?

(a) सेल (b) बी.ई.एल.
(c) ओ.एन.जी.सी. (d) एन.टी.पी.सी.

उत्तर – (b)

व्याख्या – सेल, ओ.एन.जी.सी., एन.टी.पी.सी., भेल, सी.आई.एल., गेल और आई. ओ. सी. एल. इत्यादि सहित कुल 13 कंपनियों को महारत्न का दर्जा प्राप्त है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बी.ई.एल.) सहित कुल 13 कंपनियों को नवरत्न कंपनियों के रूप में दर्जा प्राप्त है। 13 वीं महारत्न कंपनी के रूप में को शामिल किया गया है।

103. 1818 ई. में पहला सूती वस्त्र कारखाना निम्न क्षेत्र में शुरू हुआ –

(a) पश्चिम बंगाल के फोर्ट ग्लास्टर में
(b) महाराष्ट्र के मुंबई में
(c) गुजरात के अहमदाबाद में
(d) उत्तर प्रदेश के कानपुर में

उत्तर – (a)

व्याख्या – 1818 ई. में भारत में पहला सूती वस्त्र कारखाना पश्चिम बंगाल के फोर्ट ग्लास्टर में शुरू हुआ था। ध्यातव्य है कि सूती वस्त्रों के निर्माण हेतु सर्वप्रथम मशीन का आविष्कार ग्रेट ब्रिटेन में हुआ था और विश्व की सर्वप्रथम कॉटन टेक्सटाइल प्लांट की स्थापना ग्रेट ब्रिटेन के मैनचेस्टर में 18वीं सदी के उत्तरार्द्ध में हुई थी।

मुद्रा/बैंकिंग एवं कर प्रणाली, केन्द्र राज्य वित्तीय सम्बन्ध

104. निम्न में से कौन एक, जनवरी 2005 में 'फाइनेंशियल इन्क्लूजन' पर बनाई गयी समिति का अध्यक्ष था?

(a) सी. रंगराजन (b) डी. सुब्बाराव
(c) एम.एस. अहलूवालिया (d) कमलनाथ

उत्तर – (a)

व्याख्या – जनवरी, 2005 में 'फाइनेंशियल इनक्लूजन' पर बनाई गई समिति के अध्यक्ष सी. रंगराजन थे। इस समिति का उद्देश्य छोटे तथा मझोले उद्योगों व कम आय वर्ग के परिवारों हेतु वृहद वित्तीय सेवाओं के प्रसार के लिए सुझाव देना और वित्तीय समावेशन हेतु सिद्धांत तैयार करना। इसके अतिरिक्त समिति को वर्तमान में वित्तीय समावेशन हेतु अपनायी जा रही रणनीतियों की समीक्षा भी करनी थी।

भारत का विदेश व्यापार एवं आर्थिक संगठन, शेयर बाजार

105. भारतीय हीरा संस्थान कहाँ स्थापित है?

(a) नई दिल्ली (b) सूरत
(c) मुम्बई (d) जयपुर

उत्तर – (b)

व्याख्या – भारतीय हीरा संस्थान की स्थापना 1978 ई. में गुजरात राज्य के सूरत जिले में हुई थी, जो कि हीरा, रत्न और गहनों से संबंधी गहन अध्ययन का विश्व प्रसिद्ध व प्रतिष्ठित संस्थान है।

106. निम्नलिखित में से कौन सा ''फूट लूज'' उद्योग का एक उदाहरण है?

(a) तेल शोधन (b) चीनी
(c) सॉफ्टवेयर (d) एल्यूमीनियम

उत्तर – (c)

व्याख्या – सॉफ्टवेयर ''फूट लूज'' उद्योग का एक उदाहरण है। फूट लूज उद्योग ऐसे उद्योगों को कहते हैं जो परिवहन या संसाधनों से प्रभावित हुए बिना किसी भी स्थान पर स्थित हो सकता है। ऐसे अधिकतर उद्योग कहीं भी स्थापित किये जा सकते हैं और इन्हें कच्चे माल के स्रोत के समीप लगाने की अनिवार्यता नहीं होती है। इससे इनकी कीमतों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

विज्ञान

भौतिक विज्ञान

107. एक नैनोमीटर होता है

(a) 10^{-6} सेमी. (b) 10^{-7} सेमी.
(c) 10^{-8} सेमी. (d) 10^{-9} सेमी.

उत्तर – (b)

व्याख्या – एक नैनोमीटर 10^{-7} सेमी. के और 10^{-9} मीटर के समानुपाती होता है।

1 नैनोमीटर $= 1.0 \times 10^{-9}$ मी.

$\because$ 1 मीटर = 100 सेमी.

$\therefore$ 10^{-9} मीटर $= 10^{2} \times 10^{-9}$ सेमी. $= 10^{-7}$ सेमी.

108. मृगतृष्णा उदाहरण है-

(a) अपवर्तन का
(b) पूर्ण आन्तरिक परावर्तन का
(c) प्रकीर्णन का
(d) विवर्तन का

उत्तर – (b)

व्याख्या – मृगतृष्णा या मृग मरीचिका का कारण प्रकाश का पूर्ण आंतरिक परावर्तन होता है। प्रकाश के निचले पृष्ठ से टकराकर वापस लौटने की घटना को प्रकाश का परावर्तन कहते हैं। परावर्तन के दो नियम हैं–(i) आपतित किरण, आपतन बिन्दु पर अभिलंब व परावर्तित किरण एक ही तल में होते हैं। (ii) आपतन कोण, परावर्तन कोण के बराबर होता है।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

रसायन विज्ञान

109. सोडियम धातु का संग्रह निम्न में डूबोकर किया जाता है :

(a) केरोसिन (मिट्टी का तेल) में (b) हवा में
(c) जल में (d) अमोनिया में

उत्तर – (a)

व्याख्या – सोडियम अत्यन्त ही क्रियाशील तत्व होने के कारण प्रकृति में मुक्त अवस्था में नहीं पाया जाता है बल्कि यह संयुक्त अवस्था में क्लोराइड, नाइट्रेड, कार्बोनेट के रूप में पाया जाता है। मुलायम होने के कारण इसे चाकू से काटा जा सकता है। यह विद्युत का सुचालक होता है। यह जल और वायु के साथ बहुत तेजी से क्रिया करता है। इसलिए इसका संग्रह केरोसिन (मिट्टी के तेल) में डुबोकर किया जाता है।

110. निम्न में से कौन सा पेट्रोलियम परिष्करण का उपोत्पाद है?

(a) पेट्रोल (b) चारकोल
(c) कोयला (d) एस्फाल्ट

उत्तर – (d)

व्याख्या – एस्फाल्ट पेट्रोल का परिशोधन करने के दौरान प्राप्त होने वाला एक अवशिष्ट पदार्थ है। पेट्रोलियम उत्पाद, तेल रिफाइनरियों में संसाधित कच्चे तेल (पेट्रोलियम) से प्राप्त होने वाली उपयोगी सामग्रियों को कहते हैं। एस्फाल्ट से अतिरिक्त डामर, पैराफिन, मोम, चिकनाई पैदा करने वाले अन्य तेल उत्पादित होते हैं।

111. शुष्क बर्फ होता है-

(a) वाष्प
(b) बर्फ 0^oC पर
(c) ठोस कार्बन डाइऑक्साइड
(d) जल रहित कैल्शियम क्लोराइड द्वारा अभिक्रिया कराया (treated) गया बर्फ।

उत्तर – (c)

व्याख्या – शुष्क बर्फ ठोस कार्बन डाइऑक्साइड होता है। CO_2 गैस आग बुझाने के काम आता है इसे शुष्क बर्फ (Dry Ice) भी कहते हैं। इसका उपयोग रेफ्रिजरेशन में भी होता है।

112. एक बायो गैस संयंत्र में निम्न में से कौन सी प्रक्रिया होती है?

(a) किण्वन (b) अपचयन
(c) हाइड्रोजनीकरण (d) बहुलकीकरण

उत्तर – (a)

व्याख्या –बायो गैस संयंत्र में गोबर के किण्वन प्रक्रिया द्वारा गैस प्राप्त की जाती है। किण्वन में पदार्थ को अर्ध-तरल रूप में एक सिरे पर डाला जाता है और किण्वन के बाद स्लरी को पूरी प्रणाली में विघ्न डाले बिना समय-समय पर एक दूसरे सिरे से निकाला जाता है। बायो गैस उत्पादन आर्गेनिक अपशिष्ट के दक्ष प्रबंधन और रूपांतरण द्वारा स्वच्छ नवीकरणीय बायोगैस ऊर्जा और आर्गनिक जैव उर्वरकों के निर्माण हेतु एक स्वच्छ अल्प कार्बन प्रौद्योगिक है। इसमें स्थायी आजीविका, विकास और स्थानीय तथा वैश्विक भूमि, वायु और जल प्रदूषण से निपटने की संभाव्यता है।

113. खाद्य पदार्थों के परिरक्षण के लिए प्रयोग में लाया जाने वाला रसायन है-

(a) सोडियम क्लोराइड (b) कास्टिक सोडा
(c) सोडियम बेन्जोएट (d) गंधक का अम्ल

उत्तर – (c)

व्याख्या – खाद्य पदार्थों के परिरक्षण के लिये प्रयोग में लाया जाने वाला रासायन सोडियम बेन्जोएट है जिसका रासायनिक सूत्र $C_7H_5NaO_2$ है। यह एक एरोमैटिक कार्बोक्सिलिक अम्ल है।

114. प्रकाश वर्ष मात्रक (इकाई) है-

(a) प्रकाश की तीव्रता का (b) समय का
(c) दूरी का (d) प्रकाश वेग का

उत्तर – (c)

व्याख्या – प्रकाश द्वारा एक वर्ष में निर्वात में तय की गयी दूरी को एक प्रकाश वर्ष कहते हैं। 1 प्रकाश वर्ष 9.46×10^{15} मी. के बराबर होता है। प्रकाश के वेग की गणना सर्वप्रथम रोमर ने की थी।

115. मानव शरीर में अधिकतम मात्रा में पाया जाने वाला तत्त्व होता है-

(a) लोहा (b) सोडियम
(c) फॉस्फोरस (d) कैल्शियम

उत्तर – (d)

व्याख्या – उपर्युक्त विकल्पों में से मानव शरीर में अधिकतम मात्रा में पाया जाने वाला तत्व कैल्शियम है। एक मानव शरीर के भार का 65% ऑक्सीजन, 18% कॉर्बन, 10% हाइड्रोजन, 3% नाइट्रोजन, 1.4% कैल्शियम तथा 1.1% फॉस्फोरस होता है।

पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

116. आकाश नीला दिखाई पड़ता है क्योंकि-

(a) नीले प्रकाश का प्रकीर्णन सबसे अधिक होता है।
(b) लाल प्रकाश का प्रकीर्णन सबसे अधिक होता है।
(c) नीले प्रकाश का वातावरण में अवशोषण सबसे कम होता है।
(d) लाल प्रकाश का वातावरण में अवशोषण सर्वाधिक होता है।

उत्तर – (a)

व्याख्या – जब प्रकाश किसी ऐसे माध्यम से गुजरता है जिसमें धूल तथा अन्य पदार्थों के अत्यंत सूक्ष्म कण होते हैं, तो इनके द्वारा प्रकाश सभी दिशाओं में प्रसारित हो जाता है। इस घटना को प्रकाश का प्रकीर्णन कहा जाता है। बैगनी रंग के प्रकाश का प्रकीर्णन सबसे अधिक तथा लाल रंग के प्रकाश का प्रकीर्णन सबसे कम होता है। प्रकाश के प्रकीर्णन का अवरोही क्रम VIBGYOR है। इसी कारण आकाश हमें नीला दिखाई देता है।

117. प्रदूषण युक्त वायुमण्डल को निम्न में से किसके द्वारा स्वच्छ किया जाता है?

(a) ऑक्सीजन (b) वर्षा
(c) नाइट्रोजन (d) हवा

उत्तर – (b)

व्याख्या – प्रदूषण युक्त वायुमंडल को, जिनमें धूल, धुआं व अन्य हानिकारक पदार्थ सम्मिलित होते हैं, को वर्षा द्वारा स्वच्छ किया जाता है।

118. निम्न में से कौन सा एक पारिस्थितिकी सन्तुलन बनाए रखने में मदद नहीं करता?

(a) वनों को काटना (b) वनरोपण
(c) वर्षा जल प्रबन्धन (d) जैवमण्डल भण्डार

उत्तर – (a)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या – वनारोपण, वर्षा जल प्रबंधन एवं जैवमण्डल भंडार का संरक्षण पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने में सहायक होता है किन्तु वनों के काटे जाने से पारिस्थितिकी संतुलन बिगड़ जाता है।

119. भारत में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम पारित हुआ-

(a) 1981 में (b) 1986 में
(c) 1995 में (d) 2000 में

उत्तर – (b)

व्याख्या – भारत में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम मार्च 1986 में पारित हुआ, जो कि 19 नवम्बर, 1986 से संपूर्ण देश में लागू हो गया। इस अधिनियम में 4 अध्याय एवं 26 धाराएं हैं।

120. निम्न में से कौन सा एक सामाजिक संरक्षण कार्यक्रम नहीं है?

(a) आम आदमी बीमा योजना
(b) राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना
(c) स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना
(d) असंगठित वर्कर्स सामाजिक सुरक्षा अधिनियम

उत्तर – (c)

व्याख्या – स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना एक बेरोजगारी उन्मूलन कार्यक्रम है जबकि आम आदमी बीमा योजना, 2007 राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, 2008 और असंगठित वर्कर्स सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 आदि सामाजिक संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आते हैं।

121. निम्न में से किस एक का सम्बन्ध पर्यावरणीय सुरक्षा से नहीं है?

(a) धारणीय विकास
(b) गरीबी कम करना
(c) वातानुकूलन
(d) कागज के थैलों का प्रयोग

उत्तर – (b)

व्याख्या – गरीबी कम करने का संबंध सामाजिक सुरक्षा से है। शेष तीनों विकल्प धारणीय विकास, वातानुकूलन और कागज के थैलों का प्रयोग सीधे-सीधे पर्यावरणीय सुरक्षा से संबंधित है। जिनमें से वातानुकूलन का पर्यावरण पर नकारात्मक व धारणीय विवरण तथा कागज के थैलों के प्रयोग का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

122. स्थायी विकास किसके उपयोग के संदर्भ में अंतर-पीढ़ीगत संवेदनशीलता की घटना है?

(a) प्राकृतिक संसाधनों के
(b) भौतिक संसाधनों के
(c) औद्योगिक संसाधनों के
(d) सामाजिक संसाधनों के

उत्तर – (a)

व्याख्या – स्थायी विकास प्राकृतिक संसाधनों के संदर्भ में अंतर-पीढ़ीगत संवेदनशीलता की घटना ही स्थायी विकास को बिना प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण के बिना आर्थिक विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करना कहा जाता है।

प्रादेशिक सामान्य-ज्ञान

123. निम्न राज्यों में से सन् 2008 में किसमें उच्चतम मानव विकास सूचकांक था?

(a) उत्तर प्रदेश (b) झारखण्ड
(c) ओडिशा (d) बिहार

उत्तर – (a)

व्याख्या – उपर्युक्त राज्यों में सन् 2008 में उच्चतम मानव विकास सूचकांक उत्तर प्रदेश का था, तत्पश्चात् इस श्रेणी में क्रमशः झारखण्ड, बिहार तथा उड़ीसा आते हैं। 2021 में भारतीय राज्यों में केरल राज्य मानव विकास सूचकांक में शीर्ष पर है। दूसरा व तीसरा स्थान क्रमशः दिल्ली व गोवा का है।

124. उत्तर प्रदेश सरकार ने दिनांक 24 दिसम्बर 2012 को अपने कार्यालयों में उद्योगपतियों एवं उद्योग संगठनों के सुविधापूर्वक पहुँच के लिए कार्ड जारी किया। उस कार्ड का नाम है-

(a) चाँदी कार्ड (b) स्वर्ण कार्ड
(c) प्लेटिनम कार्ड (d) उद्योग कार्ड

उत्तर – (b)

व्याख्या – उत्तर प्रदेश सरकार ने दिनांक 24 दिसम्बर, 2012 को अपने कार्यालयों में उद्योगपतियों एवं उद्योग संगठनों की सुविधापूर्वक राज्य सचिवालय व इससे संबद्ध विभागों में प्राथमिकता के आधार पर और बिना बाधा के प्रवेश हेतु स्वर्ण कार्ड जारी किया था।

125. उत्तर प्रदेश में एक बब्बर शेर सफारी स्थापित किया जा रहा है-

(a) बलरामपुर में (b) महाराजगंज में
(c) इटावा में (d) पीलीभीत में

उत्तर – (c)

व्याख्या – समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश सिंह यादव ने 5 अक्टूबर, 2013 को इटावा में बब्बर शेर सफारी के निर्माण की आधारशिला रखी थी। जिसे वर्ष 2019 में जनता के लिए खोल दिया गया।

गणित

126. कोई धन 5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से कितने वर्षों में दुगुना हो जाता है?

(a) 10 (b) 15
(c) 20 (d) 30

उत्तर – (c)

व्याख्या – समय $= \left[\frac{(n-1)\times 100}{r}\right]$ वर्ष

$= \frac{(2-1)}{5}\times 100 = 20$ वर्ष

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

127. किसी गाँव की जनसंख्या 20% प्रतिवर्ष की दर से घटती रहती है। यदि इसकी जनसंख्या 2 वर्ष पहले 10,000 थी, तो इस समय इसकी जनसंख्या क्या है?

(a) $\frac{10,000}{64}$ (b) 7600 (c) 6000 (d) 6400

उत्तर – (d)

व्याख्या – वर्तमान जनसंख्या $= 10,000 \times \frac{(100-20)^2}{100^2}$

$= \frac{10,000 \times 80 \times 80}{100 \times 100} = 6400$

समसामयिकी

128. निम्न देशों में से कौन 2012 में हरिकेन सैण्डी से प्रभावित हुआ था?

(a) मैक्सिको (b) कोलम्बिया

(c) संयुक्त राज्य अमेरिका (d) ब्राजील

उत्तर – (c)

व्याख्या – वर्ष 2012 के अक्टूबर माह में संयुक्त राज्य अमेरिका हरिकेन सैण्डी से बुरी तरह प्रभावित हुआ था। इस तूफान से सं. रा. अमेरिका के कुल 24 राज्यों में काफी तबाही हुई थी। अमेरिकी मुद्रा के आधार पर इस तूफान द्वारा अमेरिका में कुल लगभग 65 बिलियन डॉलर की सम्पत्ति का नुकसान हुआ था।

129. हाल ही में वैज्ञानिकों ने उस प्रोटीन की खोज कर ली है जो मस्तिष्क के खतरनाक रोग एल्जाईमर को उत्पन्न करता है। निम्नलिखित में से वह कौन सा प्रोटीन है?

(a) एमीलाइड मोनोप्रोटीन

(b) एमीलाइड मल्टीप्रोटीन

(c) एमीलाइड प्रीकर्सरप्रोटीन

(d) एमीलाइड लेप्टिक प्रोटीन

उत्तर – (c)

व्याख्या – दिमाग की कोशिकाओं का एक-दूसरे से जुड़ाव और खुद कोशिकाओं के कमजोर और खत्म होने की वजह से याददाश्त और अन्य महत्वपूर्ण दिमागी काम करने की क्षमता नष्ट हो जाती है। एमीलाइड प्रीकर्सर प्रोटीन मस्तिष्क के खतरनाक रोग अल्जाइमर का प्रमुख कारण है।

130. बहुचर्चित 'गॉड पार्टिकल' है-

(a) न्यूट्रिनो (b) लेप्टान्स

(c) हिग्स बोसॉन (d) मेसान्स

उत्तर – (c)

व्याख्या – हिग्स बोसॉन की प्रथम परिकल्पना सन् 1964 में की गई थी। इसका सत्यापन 14 मार्च, 2013 को दुनिया के समक्ष हुआ। इसके खोजकर्ता पीटर हिग्स के नाम पर इसका नाम हिग्स बोसान रखा गया। इस कण की खोज में महान योगदान देने वाले दो वैज्ञानिकों पीटर हिग्स (ब्रिटेन) और फ्रांकोइस एंगर्लट (बेल्जियम) को 2013 का भौतिक विज्ञान का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।

131. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गये कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए :

सूची-I	सूची-II
A. क्यूरिओसिटी रोवर	1. टेबलेट
B. मैसेंजर	2. डी.आर.डी.ओ. का मानवरहित वायुयान
C. रूस्तम-1	3. यू.एस.ए. का मंगल ग्रह अन्वेषी अन्तरिक्ष यान
D. आकाश-2	4. नासा का बुध ग्रह अन्वेषी अन्तरिक्ष यान

कूट :

	A	B	C	D
(a)	3	4	2	1
(b)	4	3	2	1
(c)	3	4	1	2
(d)	1	2	3	4

उत्तर – (a)

व्याख्या – क्यूरियोसिटी रोवर (900 किलोग्राम) नामक यान को मंगल ग्रह पर जीवन की तलाश हेतु अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 26 नवम्बर, 2011 को केप कैनेवरल से प्रक्षेपित किया था जो कि 6 अगस्त, 2012 को मंगल ग्रह की सतह पर उतरा था। बुध ग्रह के अध्ययन हेतु नासा ने 3 अगस्त, 2004 को केप कैनेवरल से 485 किग्रा. वजनी मैसेंजर यान को प्रक्षेपित किया था जो कि बुध ग्रह की सतह पर 18 मार्च, 2011 को उतरा था। रुस्तम-1 डीआरडीओ द्वारा विकसित एक मानवरहित विमान है। आकाश-2 विश्व के सबसे सस्ते 'आकाश' नामक टैबलेट कम्प्यूटर का अत्याधुनिक व उन्नत रूप है।

132. आधुनिक ब्रह्मोस पराध्वनिक मिसाइल जैसी प्रौद्योगिकी भारत ने संयुक्त रूप से किसके साथ विकसित की है?

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका

(b) रूस

(c) फ्रांस

(d) जापान

उत्तर – (b)

व्याख्या – ब्रह्मोस भारत और रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित की गई एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। जिसका भार 3000 किग्रा., लम्बाई 8.4 मी., व्यास 0.6 मी. और गति 2.8-3.0 मैक है। जिसे पनडुब्बी, लड़ाकू विमान और सतह तीनों से दागा या छोड़ा जा सकता है। इस मिसाइल का नाम ब्रह्मोस भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मोस्कावा नदी के नाम पर रखा गया है।

133. निम्न चक्रवातों में से किसने भारत को प्रभावित नहीं किया था?

(a) अयला (b) नरगिस

(c) थाणे (d) नीलम

उत्तर – (b)

व्याख्या – 2 मई, 2008 को आये नरगिस चक्रवात द्वारा म्यांमार बुरी तरह प्रभावित हुआ था जबकि आईला, थाणे एवं नीलम नामक चक्रवातों से भारत प्रभावित हुआ था।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

134. 'लीप फॉरवर्ड पॉलिसी' के कारण भुखमरी से लाखों लोगों की मृत्यु हुई थी –

(a) रूस में
(b) वियतनाम में
(c) चीन में
(d) जर्मनी में

उत्तर – (c)

व्याख्या – 'द ग्रेट लीप फॉरवर्ड' एक आर्थिक एवं सामाजिक नीति है, इसे चीन में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना ने 1958 से 1961 ई. के बीच लागू किया था। इसका नेतृत्व माओ जेदांग द्वारा किया गया था। यह नीति पूरी तरह विफल रही और इसके दुष्परिणामस्वरूप लगभग 18 मिलियन से 32.5 मिलियन लोगों की मृत्यु हुई थी।

135. निम्नलिखित में कौन सा सुमेलित है?

(a) नाग	–	प्रति टैंक प्रक्षेपास्त्र
(b) त्रिशूल	–	सतह से सतह प्रक्षेपास्त्र
(c) पृथ्वी	–	सतह से वायु प्रक्षेपास्त्र
(d) पिनाक	–	हल्का वायु युद्धक

उत्तर – (a)

व्याख्या – **'नाग'** एक टैंक भेदी संचालित प्रक्षेपास्त्र है। इसे 'दागो और भूल जाओ' (फायर एण्ड फॉर्गेट) टैंक रोधी प्रक्षेपास्त्र भी कहा जाता है। इसकी मारक क्षमता 4 किमी. है। यह विश्व में अपनी तरह की अत्यधिक उन्नत मिसाइल है। **'त्रिशूल'** 'निम्न स्तरीय त्वरित क्रिया' भूमि से वायु पर मार करने वाला प्रक्षेपास्त्र है। इसकी मारक क्षमता 500 मी. से 9 किमी. तक है। **'पृथ्वी'** भूमि से भूमि पर मार करने वाला प्रक्षेपास्त्र है। इसकी मारक क्षमता 100 किग्रा. गोला बारूद के साथ 150 किमी. व 250 किग्रा. गोला बारूद के साथ 150 किमी. है। सन् 1993 में 10वें व 11वें परीक्षणोपरांत इसे सेना में शामिल कर लिया गया। **'पिनाका'** यह मल्टी बैरल रॉकेट लांचर है। स्वदेशी तकनीक से डी.आर.डी.ओ. द्वारा विकसित इस रॉकेट प्रक्षेपक को ए.आर.डी.ई. पुणे में निर्मित किया गया है। इसका नाम भगवान शंकर के धनुष 'पिनाक' के नाम पर 'पिनाका' रखा गया है।

136. चर्नोबिल परमाणु आपदा घटित हुई थी –

(a) फ्रान्स में (b) जापान में
(c) यूक्रेन में (d) जर्मनी में

उत्तर – (c)

व्याख्या – चर्नोबिल दुनिया की अब तक की सबसे भीषण परमाणु आपदा में से एक है। यह आपदा 25-26 अप्रैल, 1986 की रात में यूक्रेन स्थित चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र में हुई थी। यूक्रेन उस समय यू.एस.एस.आर. का हिस्सा था।

137. भारत में सन् 2004 में आयी सुनामी द्वारा निम्न में से कौन सर्वाधिक दुष्प्रभावी हुआ था?

(a) पिछावरम
(b) भीतरकनिका
(c) मुथुपेट
(d) नागापट्टिनम

उत्तर – (d)

व्याख्या – सन् 2004 के दिसंबर माह में भारत में आई सुनामी द्वारा नागापट्टिनम, जो कि तमिलनाडु राज्य के अंतर्गत एक जिला है, सर्वाधिक दुष्प्रभावित हुआ था। इस आपदा से यहाँ के कई गाँव पूरी तरह तबाह हो गये थे।

विविधा

138. यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेन्ट प्रोग्राम की 1990 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार निम्न में से कौन सा एक, मानव विकास सूचकांक की गणना में सम्मिलित नहीं है?

(a) प्रति व्यक्ति आय
(b) नगरीकरण
(c) साक्षरता
(d) जीवन प्रत्याशा

उत्तर – (b)

व्याख्या – यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम की सन् 1990 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार नगरीकरण को छोड़कर अन्य तीनों, प्रतिव्यक्ति आय, साक्षरता, और जीवन प्रत्याशा मानव विकास सूचकांक की गणना में सम्मिलित हैं। वर्ष 2022 की HDI रैंकिंग में भारत को 132वीं रैंक प्राप्त हुई है।

139. विकास के मानवीय पक्ष पर निम्नलिखित में से किस एक ने सबसे पहले ध्यान केंद्रित किया?

(a) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(b) समन्वित ग्रामीण विकास योजना
(c) विश्व विकास प्रतिवेदन
(d) सामुदायिक विकास योजना

उत्तर – (a)

व्याख्या – विकास के मानवीय पक्ष पर संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने सर्वप्रथम ध्यान केंद्रित किया था, जिसमें भारतीय अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का महत्वपूर्ण योगदान था।

140. 'कूरियर सेवा' से प्रतिस्पर्धा के लिए भारतीय डाक विभाग ने 'द्रुत डाक सेवा' का आरम्भ कब किया?

(a) 1988 (b) 1987
(c) 1989 (d) 1986

उत्तर – (d)

व्याख्या – भारतीय डाक विभाग ने द्रुत डाक सेवा का आरंभ 1 अगस्त, 1986 को किया था। यह सेवा सात राष्ट्रीय (दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बंगलुरु, अहमदाबाद व हैदराबाद) तथा पाँच अंतर्राष्ट्रीय (यू. के., अमेरिका, जर्मनी, जापान व हांगकांग) गंतव्य स्थलों के लिये आरम्भ की गई थी जिसे अब बढ़ाकर 74 राष्ट्रीय नगरों तथा 74 देशों तक कर दिया गया है।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्री.) परीक्षा, 2013

सामान्य हिन्दी

हल प्रश्न-पत्र

पर्यायवाची

1. 'यमुना' का पर्यायवाची है –

(a) कालिन्दिनी (b) भागीरथी (c) यामिनी (d) कालिन्दी

उत्तर – (d)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में यमुना का पर्यायवाची 'कालिन्दी' है। जबकि यामिनी, रात्रि का पर्यायवाची है तथा 'भागीरथी' गंगा का पर्यायवाची है। यमुना के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं — सूर्यतनया, भानुजा, सूर्यसुता, तरणितनुजा आदि।

2. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'निशीथ' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) रात्रि (b) रजनी (c) तम (d) निशा

उत्तर – (c)

व्याख्या – निर्दिष्ट विकल्पों में 'तम' अंधकार का पर्याय है जबकि निशीथ के पर्याय रात्रि, रजनी और निशा है। अतः विकल्प (c) तम निशीथ का पर्यायवाची शब्द नहीं है।

3. 'सूर्य' का पर्यायवाची है –

(a) भास्वर (b) मार्तण्ड (c) प्रकाश (d) तेज

उत्तर – (b)

व्याख्या – सूर्य का पर्यायवाची 'मार्तण्ड' है न कि प्रकाश, तेज एवं भास्वर है। सूर्य के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – तरणि, आदित्य, दिवाकर, प्रभाकर, दिनकर, भास्कर आदि।

4. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'अरविन्द' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) मिलिन्द (b) पंकज (c) जलज (d) अम्बुज

उत्तर – (a)

व्याख्या –दिये गये विकल्प में 'मिलिन्द' शब्द अरविन्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है। अरविन्द का आशय कमल से है। अरविन्द के पर्यायवाची शब्द हैं– कमल, पंकज, जलज, अम्बुज, सरसिज, राजीव, अम्भोज, सरोज, नलिन आदि। जबकि 'मिलिन्द' भौंरा का पर्यायवाची है।

5. 'पर्यायवाची' शब्द का अर्थ है –

(a) विलोमवाची (b) प्रतिविलोमवाची
(c) समानाभास (d) समानार्थी

उत्तर – (d)

व्याख्या – पर्यायवाची शब्द का आशय 'समानार्थी' शब्द से होता है। वे शब्द जिनके अर्थों में समानता हो, पर्यायवाची शब्द कहे जाते हैं। इन शब्दों को समानार्थी शब्द भी कहा जाता है।

6. 'प्राची' का पर्यायवाची शब्द है –

(a) प्राचीन (b) प्रकृत (c) पूर्व (d) प्रज्ञा

उत्तर – (c)

व्याख्या – प्राची का पर्यायवाची शब्द पूर्व है न कि प्राचीन, प्रकृत और प्रज्ञा है।

7. 'तरंग' शब्द का पर्यायवाची है –

(a) पुष्कर (b) कूल (c) जलधि (d) ऊर्मि

उत्तर – (d)

व्याख्या – तरंग शब्द का पर्यायवाची शब्द ऊर्मि है न कि पुष्कर, कूल और जलज। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द - लहर, हिलोर, वीचि आदि हैं। जबकि 'जलधि' सागर का , 'पुष्कर' तालाब का तथा 'कूल' किनारा का पर्याय है।

8. 'जंगल' शब्द का पर्यायवाची है –

(a) प्रमोद (b) विश्रान्ति (c) कान्तार (d) दिव

उत्तर – (c)

व्याख्या – जंगल शब्द का पर्यायवाची शब्द 'कान्तार' है, न कि प्रमोद, विश्रान्ति और दिव। जंगल के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं - विपिन, कानन, वन, अटवी, कान्तार आदि।

9. 'क्रोध' शब्द का पर्यायवाची है –

(a) संताप (b) अमर्ष (c) वैमनस्य (d) भीति

उत्तर – (b)

व्याख्या – क्रोध शब्द का पर्यायवाची शब्द 'अमर्ष' है, न कि संताप, वैमनस्य और भीति। जबकि संताप का आशय 'दुःख', वैमनस्य का आशय 'ईर्ष्या' तथा भीति का आशय 'डर' होता है।

10. 'बिजली' शब्द का पर्यायवाची नहीं है –

(a) वितुंडा (b) दामिनी (c) चंचला (d) तड़ित

उत्तर – (a)

व्याख्या – बिजली शब्द का पर्यायवाची शब्द 'वितुंडा' नहीं है। दामिनी, चंचला और तड़ित बिजली शब्द के पर्यायवाची हैं। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द - चपला, क्षणप्रभा, सौदामिनी आदि हैं। जबकि 'वितुंडा' हाथी का पर्यायवाची शब्द है।

विलोम शब्द

11. 'प्रत्यक्ष' शब्द का विलोम है –

(a) अपरोक्ष (b) परोक्ष (c) सुंदर (d) प्रत्यय

उत्तर – (b)

व्याख्या – प्रत्यक्ष का विलोम शब्द 'परोक्ष' है न कि अपरोक्ष, सुंदर और प्रत्यय है। अपरोक्ष का अर्थ भी प्रत्यक्ष है।

12. 'सामान्य' शब्द का विलोम है –

(a) श्रेष्ठ (b) सर्वज्ञ (c) साधारण (d) विशिष्ट

उत्तर – (d)

व्याख्या – सामान्य शब्द का विलोम शब्द 'विशिष्ट' है। श्रेष्ठ, सर्वज्ञ और साधारण इसके विलोम शब्द नहीं हैं, जबकि साधारण का विलोम असाधारण, सर्वज्ञ का विलोम अज्ञ और श्रेष्ठ का विलोम निम्न होता है।

13. 'अमर' शब्द का विलोम है –

(a) मृतक (b) मृत्यु (c) मरण (d) मर्त्य

उत्तर – (d)

व्याख्या – अमर शब्द का विलोम 'मर्त्य' है न कि मृतक, मृत्यु और मरण है।

14. 'उपकार' शब्द का विलोम है –

(a) विकार (b) अनुपकार (c) अपकार (d) तिरस्कार

उत्तर – (c)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या – उपकार शब्द का विलोम 'अपकार' है न कि विकार, अनुपकार और तिरस्कार है।

15. 'तिमिर' शब्द का विलोम है –

(a) आलोक (b) किरण (c) रंगीन (d) रंगहीन

उत्तर – (a)

व्याख्या – तिमिर शब्द का विलोम 'आलोक' है न कि किरण, रंगीन, और रंगहीन है।

16. 'उक्त' शब्द का विलोम है –

(a) अनुक्त (b) उपयुक्त (c) अनुपयुक्त (d) उपर्युक्त

उत्तर – (a)

व्याख्या – उक्त का विलोम 'अनुक्त' होता है, जबकि उपयुक्त का विलोम 'अनुपयुक्त' होता है।

17. 'निर्दय' शब्द का विलोम है –

(a) सहृय (b) सहृदय (c) सदय (d) सभय

उत्तर – (c)

व्याख्या – निर्दय का विलोम 'सदय' होता है न कि सहृदय, सभय और सहृय।

18. 'उन्मीलन' शब्द का विलोम है –

(a) अनुमीलन (b) निमीलन
(c) अवमीलन (d) मीलन

उत्तर – (b)

व्याख्या–'उन्मीलन' शब्द का विलोम निमीलन होगा। शेष विकल्प असंगत हैं।

19. 'उत्कर्ष' शब्द का विलोम है–

(a) अकर्ष (b) अनुत्कर्ष (c) अपकर्ष (d) आकर्ष

उत्तर – (c)

व्याख्या–'उत्कर्ष' शब्द का विलोम 'अपकर्ष' होगा। शेष विकल्प असंगत हैं।

20. 'आविर्भाव' शब्द का विलोम है –

(a) अनाविर्भाव (b) विभाव
(c) अविर्भाव (d) तिरोभाव

उत्तर – (d)

व्याख्या – 'आविर्भाव' का विलोम शब्द 'तिरोभाव' होता है, जबकि 'विभाव' का विलोम अनुभाव होता है।

वाक्य एवं वर्तनी अशुद्धियाँ

21. कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) आईन्स्टीन के पास विलक्षण बुद्धि थी।
(b) आईन्स्टीन के पास विचित्र बुद्धि थी।
(c) आईन्स्टीन के पास अलौकिक बुद्धि थी।
(d) आईन्स्टीन के पास दैवीय बुद्धि थी।

उत्तर – (a)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में 'आईन्स्टीन के पास विलक्षण बुद्धि थी' शुद्ध वाक्य है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

22. कौन सा वाक्य शुद्ध है –

(a) शरत्कालीन दिनों में चंद्रमा की शोभा देखने योग्य होती है।
(b) शरद् काल के दिनों में चन्द्रमा की शोभा देखने योग्य होती है।
(c) शरत् काल में चन्द्रमा की शोभा देखने योग्य होती है।
(d) शरत् काल के दिनों में चन्द्रमा की शोभा देखने योग्य होती है।

उत्तर – (c)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में 'शरत्काल में चंद्रमा की शोभा देखने योग्य होती है' शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्प व्याकरण की दृष्टि से गलत हैं, क्योंकि काल और दिन का प्रयोग एक साथ नहीं होता है।

23. कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) दही खट्टी है। (b) दही खट्टा है।
(c) दही खटास है। (d) दही खटाई है।

उत्तर – (b)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में विकल्प (b) दही खट्टा है, वाक्य शुद्ध है। ध्यातव्य हो कि दही शब्द पुल्लिंग के अर्थ में प्रयोग किया जाता है। दूध एवं दूध से बने पदार्थ प्रायः पुल्लिंग होते हैं।

24. कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) सुरेश को एक पाती लिखना है।
(b) सुरेश ने एक पाती लिखनी है।
(c) सुरेश के लिए एक पत्र लिखनी है।
(d) सुरेश के लिए एक पत्र लिखना है।

उत्तर – (d)

व्याख्या – निर्दिष्ट विकल्पों में विकल्प (d) सुरेश के लिए एक पत्र लिखना है, शुद्ध वाक्य है। जबकि अन्य विकल्प व्याकरण की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

25. कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) यह आँखों से देखी घटना है।
(b) यह आँखों देखी घटना है।
(c) यह आँखों द्वारा देखी गई घटना है।
(d) यह आँखों द्वारा देखी सुनी-सुनी घटना है।

उत्तर – (b)

व्याख्या – विकल्प (b) यह आँखों देखी घटना है, शुद्ध वाक्य है। ध्यातव्य हो कि आँखों की उपयोगिता देखने में ही होती है। अतएव इसके साथ किसी भी कारक विभक्ति का प्रयोग उचित नहीं है।

26. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –

(a) पारलौकिक (b) निष्चेष्ट (c) दुर्धर्ष (d) आशीर्वाद

उत्तर – (b)

व्याख्या – अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'निष्चेष्ट' है, जबकि इसका शुद्ध रूप निश्चेष्ट होता है। शेष विकल्पों के शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

27. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –

(a) धोबिन (b) धोबिनी (c) धोबनी (d) धोबीन

उत्तर – (a)

व्याख्या – शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'धोबिन' है। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

28. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –

(a) भगीरथी (b) भागीरथी (c) भगिरथी (d) भागिरथी

उत्तर – (b)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में विकल्प (b) 'भागीरथी' शुद्ध विकल्प है। अन्य तीनों त्रुटिपूर्ण हैं। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

29. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –

(a) विरिहिणी (b) विरहणी (c) विरहिणी (d) विरिहणी

उत्तर – (c)

व्याख्या – शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'विरहिणी' है। शेष विकल्पों के शब्द त्रुटिपूर्ण हैं।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

अनेक शब्दों के एक शब्द

30. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) प्रज्वलित (b) समुज्ज्वल
(c) उज्ज्वल (d) समुज्वल
उत्तर – (d)

व्याख्या – अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'समुज्वल' है जिसका शुद्ध वर्तनी समुज्ज्वल होगा अन्य शब्द प्रज्वलित उज्ज्वल शुद्ध वर्तनीगत शब्द हैं।

31. 'जिसका इलाज न हो सके' – उसके लिए उपयुक्त शब्द है –
(a) असाध्य (b) दुःसाध्य
(c) साधनहीन (d) श्रमसाध्य
उत्तर – (a)

व्याख्या – 'जिसका इलाज न हो सके' के लिए उपयुक्त शब्द है - 'असाध्य'।

32. 'जिसे जीता न जा सके' – उसके लिए उपयुक्त शब्द है –
(a) अजेय (b) अज्ञेय (c) अपराजेय (d) दुर्जेय
उत्तर – (a)

व्याख्या – 'जिसे जीता न जा सके' के लिए उपयुक्त शब्द है – 'अजेय'। जबकि 'जिसे जाना न जा सके' के लिए एक शब्द 'अज्ञेय' होगा।

33. 'जिस स्त्री का पति जीवित है' – उसके लिए उपयुक्त शब्द है–
(a) पतिव्रता (b) सधवा
(c) विवाहिता (d) अनुरक्ता
उत्तर – (b)

व्याख्या – 'जिस स्त्री का पति जीवित है' के लिए उपयुक्त शब्द 'सधवा' है।

34. 'जो क्षीण न हो सके' – उसके लिए उपयुक्त शब्द है –
(a) अमिट (b) अपार (c) अक्षय (d) अनंत
उत्तर – (c)

व्याख्या – 'जो क्षीण न हो सके' के लिए उचित शब्द 'अक्षय' है।

35. 'बहुत अधिक बोलने वाला व्यक्ति' –
(a) वक्ता (b) अधिवक्ता (c) प्रवक्ता (d) वाचाल
उत्तर – (d)

व्याख्या – 'बहुत अधिक बोलने वाला व्यक्ति' 'वाचाल' कहलाता है।

36. 'जिसके सिर पर चंद्र हो' – के लिए उपयुक्त शब्द है –
(a) चन्द्रशिखर (b) चन्द्रशेखर
(c) चक्रधर (d) चन्द्रग्रहण
उत्तर – (b)

व्याख्या – 'जिसके सिर पर चंद्र हो' के लिए उपयुक्त शब्द 'चन्द्रशेखर' है।

37. 'जिसके हृदय में ममता नहीं है' – के लिए उपयुक्त शब्द है –
(a) मर्माहत (b) क्रूर (c) निर्मम (d) निर्दय
उत्तर – (c)

व्याख्या – 'जिसके हृदय में ममता नहीं है' के लिए उपयुक्त शब्द 'निर्मम' होता है, जबकि जिसके हृदय में दया न हो, उसके लिए 'निर्दय' शब्द का प्रयोग होता है।

38. तिलक लगाने में किस अन्न का प्रयोग उपयुक्त होता है?
(a) गेहूँ (b) अक्षत (c) जौ (d) उड़द
उत्तर – (b)

व्याख्या – तिलक लगाने में 'अक्षत' का प्रयोग किया जाता है। अक्षत के लिए चावल के दाने का प्रयोग होता है।

39. 'जिसका जन्म छोटी जाति (निचले वर्ण) में हुआ हो' – के लिए उपयुक्त शब्द है –
(a) अण्डज (b) शूद्र (c) अन्त्यज (d) अछूत
उत्तर – (c)

व्याख्या – जिसका जन्म छोटी जाति में हुआ हो, के लिए उपयुक्त शब्द 'अन्त्यज' होता है। 'जिसका जन्म अण्डे से हुआ हो' के लिए एक शब्द 'अण्डज' होता है।

40. 'जो सब कुछ जानता है' – के लिए उपयुक्त शब्द है –
(a) त्रिकालज्ञ (b) बहुज्ञ (c) ज्ञानी (d) सर्वज्ञ
उत्तर – (d)

व्याख्या – जो सब कुछ जानता हो उसे 'सर्वज्ञ' कहा जाता है। जबकि जिसे तीनों कालों का ज्ञान हो – त्रिकालज्ञ तथा 'जो बहुत कुछ जानता हो' के लिए उपयुक्त शब्द सर्वज्ञ होगा।

तत्सम एवं तद्भव

41. कौन सा तत्सम शब्द नहीं है?
(a) इन्दु (b) दिनेश (c) मनोज (d) रात
उत्तर – (d)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में इन्दु, दिनेश और मनोज तत्सम शब्द हैं जबकि रात तद्भव शब्द है। इसका तत्सम रूप रात्रि होता है।

42. 'तिक्त' शब्द का तद्भव है –
(a) तीता (b) तीखा (c) तिक्ता (d) तिखन
उत्तर – (a)

व्याख्या – तिक्त शब्द का तद्भव 'तीता' होता है, जबकि 'तीखा' शब्द का तत्सम 'तीक्ष्ण' होता है।

43. 'ससुर' का तत्सम शब्द है –
(a) सस्वर (b) स्वसुर (c) श्वसुर (d) श्वश्रु
उत्तर – (c)

व्याख्या – ससुर का तत्सम 'श्वसुर' होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

44. 'तद्भव' शब्द निर्दिष्ट कीजिए –
(a) आधा (b) कूप (c) विद्या (d) व्योम
उत्तर – (a)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में 'कूप', 'विद्या' और 'व्योम' तीनों विकल्प तत्सम् शब्द के हैं, जबकि विकल्प (a) में प्रयुक्त शब्द आधा तद्भव शब्द है। इसका तत्सम रूप अर्द्ध (अर्ध) होगा।

45. 'चूरन' का तत्सम शब्द है –
(a) चौर (b) चूर्ण (c) चर्म (d) चक्षु
उत्तर – (b)

व्याख्या – चूरन शब्द का तत्सम शब्द 'चूर्ण' होता है, न कि चक्षु, चौर चर्म।

46. 'ढीठ' शब्द का तत्सम है –
(a) दृष्ट (b) पुष्ट (c) दृश्य (d) धृष्ट
उत्तर – (d)

व्याख्या – ढीठ शब्द का तत्सम शब्द 'धृष्ट' होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

47. 'तत्सम' शब्द का चयन कीजिए –
(a) शेर (b) बबर शेर (c) व्याघ्र (d) बाघ
उत्तर – (c)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में 'व्याघ्र' शब्द तत्सम है, जबकि शेर, बबर शेर और बाघ तद्भव शब्द हैं।

48. 'माँ' शब्द का तत्सम है –

(a) माता (b) मातृका (c) मातृ (d) अम्मा

उत्तर – (a)

व्याख्या – माँ शब्द का तत्सम शब्द 'माता' होता है। शेष विकल्प के शब्द असंगत हैं।

49. तद्भव शब्द है –

(a) मानव (b) मनई (c) मनुष्य (d) मानो

उत्तर – (b)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में 'मनई' शब्द तद्भव शब्द है।

50. 'तत्सम' शब्द है –

(a) क्लिष्ठ (b) कठोर (c) कठिन (d) मजबूत

उत्तर – (b) & (c)

व्याख्या – लोक सेवा आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (a) माना था, जबकि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा विकल्प (b) और (c) को इसका सही उत्तर माना गया है। ज्ञात हो कि क्लिष्ठ शब्द की वर्तनी अशुद्ध है, इसका शुद्ध रूप 'क्लिष्ट' होता है। उपर्युक्त विकल्पों में 'कठोर' और 'कठिन' तत्सम शब्द हैं।

विशेष्य एवं विशेषण

51. 'ऋषि' संज्ञा शब्द से विशेषण शब्द क्या बनेगा?

(a) आर्ष (b) ऋषिकल्प
(c) ऋषितुल्य (d) ऋषिवत्

उत्तर – (a)

व्याख्या – ऋषि संज्ञा शब्द से विशेषण शब्द 'आर्ष' बनेगा। अन्य विकल्प ऋषिकल्प, ऋषिवत और ऋषितुल्य असंगत हैं।

52. व्याकरण की दृष्टि से कौन सा शब्द विशेषण नहीं है?

(a) भयभीत (b) निर्भीक
(c) भीरू (d) भय

उत्तर – (d)

व्याख्या – व्याकरण की दृष्टि से भयभीत, निर्भीक और भीरु शब्द विशेषण हैं जबकि भय शब्द विशेषण नहीं अपितु विशेष्य है। इसका विशेषण भयानक होता है।

53. 'एक प्रतिभासम्पन्न छात्र' का विशेषण है –

(a) कुशल (b) चतुर
(c) अध्ययनशील (d) मेधावी

उत्तर – (d)

व्याख्या – एक प्रतिभासम्पन्न छात्र का विशेषण दिये गये विकल्पों में मेधावी है, न कि चतुर, कुशल और अध्ययनशील।

54. 'नीली साड़ी' में कौन सा विशेषण है?

(a) संख्यावाचक (b) परिमाणवाचक
(c) गुणवाचक (d) सार्वनामिक

उत्तर – (c)

व्याख्या – नीली साड़ी में प्रयुक्त विशेषण गुणवाचक विशेषण है। संख्यावाचक विशेषण संख्या प्रकट करते हैं। वहीं परिमाणवाचक विशेषण द्रव्य (वस्तु) से सम्बन्धित है।

55. 'विशेषण' शब्द का चयन कीजिये –

(a) सरपंच (b) पाँचवाँ (c) प्रपंच (d) पहुँच

उत्तर – (b)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में पाँचवाँ शब्द विशेषण है जो कि निश्चित संख्या (क्रमसूचक) की अभिव्यक्ति करता है जबकि अन्य शब्द सरपंच, प्रपंच और पहुँच ही विशेषण शब्द नहीं हैं।

56. 'विशेष्य' शब्द है –

(a) रामलला (b) बुद्धिमती स्त्री
(c) रमापति (d) सीता-राम

उत्तर – (d)

व्याख्या – विशेष्य पद सदैव संज्ञा होते हैं। सीता-राम दोनों संज्ञा शब्द हैं। 'सीता-राम' विशेष्य शब्द है। सीता-राम संज्ञा शब्द है, संज्ञा शब्द हमेशा विशेष्य के रूप में ही प्रयुक्त होते हैं। 'रामलला व रमापति' बहुव्रीहि समासिक शब्द हैं जो विशेषण के रूप में प्रयोग होते हैं। 'बुद्धिमती स्त्री' में विशेषण व विशेष का प्रयोग हुआ है। जबकि प्रश्न में केवल विशेष्य पूछा गया है इसलिए सीता-राम शब्द विशेष्य है।

57. निम्नलिखित विशेष्य-विशेषण युग्मों में एक गलत है –

(a) सर्व-सुलभ (b) ताजी-रोटी
(c) कर्म-निष्ठ (d) भाव-विह्वल

उत्तर – (a)

व्याख्या – सर्व-सुलभ दोनों ही शब्द विशेषण पद हैं। अतः प्रश्न की दृष्टि से यह त्रुटिपूर्ण है। ध्यातव्य हो कि डॉ. हरदेव बाहरी शब्द कोश के अनुसार कर्म, भाव एवं रोटी संज्ञा है।

58. 'परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण' का वाक्य होगा –

(a) वह बहुत थक गया है।
(b) वह अभी-अभी गया है।
(c) वह अंदर बैठा है।
(d) वह अब भली-भाँति नाच लेता है।

उत्तर – (a)

व्याख्या – परिमाणवाचक क्रिया विशेषण का वाक्य है – 'वह बहुत थक गया है'। 'बहुत' शब्द परिमाणवाचक क्रिया विशेषण के अन्तर्गत आता है। अन्य विकल्प वह अभी-अभी गया है, वह अंदर बैठा है, वह अब भली-भाँति नाच लेता है, उक्त प्रश्न से पृथक् आशय रखता है।

59. निम्नलिखित में विशेष्य पद है –

(a) अनुरागी (b) अनादृत
(c) अपमानित (d) अग्नि

उत्तर – (d)

व्याख्या – ध्यातव्य हो कि 'अग्नि' संज्ञा है जो विशेष्य पद है। इसका विशेषण 'आग्नेय' होगा।

60. 'बड़ा घर' 'छोटा आदमी' और 'नीला वस्त्र' में विशेष्य कौन-कौन पद हैं?

(a) नीला, छोटा (b) बड़ा, छोटा
(c) घर, आदमी, वस्त्र (d) छोटा, नीला

उत्तर – (c)

व्याख्या – बड़ा घर, छोटा आदमी और नीला वस्त्र में विशेष्य पद हैं - घर, आदमी और वस्त्र। जबकि बड़ा, छोटा तथा नीला विशेषण हैं।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"